अब प्रदेश में हर कोरोना पॉजिटिव सैंपल की होगी जीनोम सिक्वेंसिंग

मंत्री विश्वास सारंग ने किया स्टेट वायरोलॉजी लेबोरेटरी का निरीक्षण

भोपाल, मुप्र। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट बीएफ 7 की आहट से पहले ही प्रदेश सरकार एक्टिव मोड में आ चुकी है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने शुक्रवार को भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज स्थित स्टेट वायरोलॉजी लैबोरेटरी में जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए मशीन पूर्ण रूप से इंस्टाल की जा चुकी है। इसमें एक बार में 96 पॉजिटिव सैंपल की जीनोम सिक्वेंसिंग की जा सकेगी। मंत्री सारंग ने जीनोम सिक्वेंसिंग के संबंध में सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

जीनोम सिक्वेंसिंग से नए वैरिएंट की हो सकेगी पहचान: मंत्री सारंग ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से राज्य सरकार को कोरोना के सभी पॉजिटिव मामलों की जीनोम सिक्वेंसिंग के निर्देश दिए गए हैं। अभी भोपाल के एम्स में जीनोम सिक्वेंसिंग की जा रही थी। अब भोपाल के गांधी चिकित्सा कॉलेज सहित इंदौर और ग्वालियर के मेडिकल कॉलेज में भी जीनोम सिक्वेंसिंग मशीनों की स्थापना की जा चुकी है। जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन के संचालन के लिए विशेषज्ञों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। मंत्री सारंग ने कहा कि कोरोना की सटीक जांच एवं उपचार के लिए राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही तैयारियां कर ली गई हैं। प्रदेश के सभी ऑक्सीजन प्लांट चालू एवं पूरी क्षमता के साथ सक्रिय हैं। ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए पीडियाट्रिक कैलेंडर बनाया गया है। इसके अनुसार हर माह ऑक्सीजन प्लांट की मॉक ड्रिल की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में लगभग 43 हजार सिलेंडर उपलब्ध हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उनका पूरी तरह पालन किया जाएगा।



कोरोना के केवल 4 एक्टिव मरीज: उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के केवल 4 एक्टिव केस हैं। पिछले 3 दिनों से एक भी पॉजिटिव केस नहीं आया है। किसी भी मरीज को अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया है। सभी पॉजिटिव मरीज होम आइसोलेशन में हैं।

क्या है जीनोम सिक्वेंसिंग

जीनोम सिक्वेंसिंग किसी वायरस का बायोडाटा होता है। वायरस कैसा है, किस तरह दिखता है, इसकी जानकारी जीनोम से मिलती है। इसी वायरस के विशाल समूह को जीनोम कहा जाता है। वायरस के बारे में जानने की विधि को जीनोम सिक्वेंसिंग कहते हैं। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान, गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद राय, हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आशीष गोंटिया व वायरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. दीप्ति चौरसिया उपस्थित थीं।

मप्र ने केंद्र से कोविशील्ड के पांच लाख डोज मांगे



मंत्री प्रभुराम चौधरी ने केंद्रीय मंत्री मांडाविया के समक्ष रखी मांग

भोपाल, मुप्र । मप्र के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कोरोनारोधी वैक्सीन कोविशील्ड के पांच लाख डोज उपलब्ध कराने की मांग केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडाविया से की है। केंद्रीय मंत्री ने इस पर तुरंत निर्णय लेने की बात कही है। वे शुक्रवार को सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ कोरोना से निपटने की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर रहे थे। गौरतलब है कि प्रदेश में कोविशील्ड वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने की वजह से लोगों को सतर्कता डोज नहीं लग पा रही है। पहली और दूसरी डोज लगवाने के लिए भी लोग परेशान हो रहे हैं। इसके विकल्प के तौर पर लगाई जाने वाली कार्बीवैक्स वैक्सीन भी नहीं है। कोवैक्सीन के एक लाख डोज जरूर उपलब्ध हैं। मांडाविया ने मध्य प्रदेश समेत सभी राज्यों में कोरोना से बचाव और उपचार के लिए उपलब्ध संसाधनों का 27 दिसंबर को मॉकड्रिल करने को कहा है। इसमें ऑक्सीजन प्लांट, वेंटिलेटर सहित अन्य उपकरणों को चालू कर देखा जाएगा। मंत्री चौधरी ने केंद्रीय मंत्री को आश्वस्त किया कि केंद्र ने कोरोना के नए सब वैरिएंट बीएफ.7 को लेकर जो दिशा निर्देश जारी किए हैं, उनका पालन किया जा रहा है।

देश-दुनिया में पढ़ने वाले प्रदेश के बच्चों का डेटावेस पोर्टल जरूरी

युवा नीति पर आयोजित कार्यशाला में बोले संभागायुक्त

शहर संवाददाता, भोपाल । संभागायुक्त मालसिंह भंडारिया ने कहा कि देश और दुनिया में प्रदेश के अध्ययनरत और कार्यरत युवाओं का डाटा होना चाहिए, जिससे ऐसे होनहार बच्चों का लाभ प्रदेश को मिल सके। भंडारिया शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में राष्ट्रीय युवा नीति के प्रारूप तथा राज्य की प्रस्तावित युवा नीति के लिए सुझाव के लिए संभागीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में अखिल भारतीय एवं राज्य सेवा के भोपाल संभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। संभागायुक्त ने कहा कि मध्यप्रदेश की युवा नीति के संबंध में अधिकारियों द्वारा बहुत अच्छे सुझाव दिये गये हैं। एक अफसर ने कहा कि गांव का युवा कहां-कहां एक्सपेक्शन ले रहा है और कहां अपनी सेवाएं दे रहा है। कई बच्चे विदेशों में अपनी सेवाएं देते हैं। ऐसे बच्चों का रिकार्ड होना चाहिए। राज्य शासन चाहता है कि ऐसे होनहार बच्चों का लाभ देश और प्रदेश को मिले, इसके लिए डेटावेस पोर्टल बनाने की आवश्यकता है। संभागायुक्त भंडारिया ने कहा कि अधिकारियों द्वारा सुझाव प्राप्त हुए हैं बहुत अच्छे है और उन्हें नई युवा नीति में शामिल करने के लिए भेजे जाएंगे।

ग्रामीणों को रोजगार प्राप्त करने में हो रही कठिनाई : संभागायुक्त भंडारिया ने कहा कि राज्य शासन द्वारा स्वार्थी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी के अभाव में लोगों को रोजगार प्राप्त करने में कठिनाई होती है। इसके लिए प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवा नीति में आपके सुझाव और प्रस्ताव शामिल किए जाएंगे।

कार्यशाला होनी चाहिए, जिससे क्षेत्र में आ रही परेशानी को साझा कर सके: कलेक्टर अविनाश लवानिया ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं आयोजित होती रहना चाहिए जिससे फील्ड के अधिकारी आपस में सुलाकात कर सकते हैं और उनके कार्य क्षेत्र में जो परेशानियां आती हैं उनको साझा कर सकते हैं। कलेक्टर लवानिया ने कहा कि आज का युवा इस देश का भविष्य है, जिम्मेदार युवा ही इस देश को बेहतर बना सकता है। लवानिया ने कहा कि आप सब अधिकारियों के समावेशी सुझाव कार्यशाला के माध्यम से प्राप्त होंगे जिससे युवा नीति बेहतर तैयार हो सकेगी। युवा नीति कार्यशाला में भोपाल संभाग के भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा



सीईओ बोले- एजुकेशन एंड स्किल डवलपमेंट जरूरी

स्मार्ट सिटी के सीईओ गौरव चेनल ने कार्यशाला में कहा कि एजुकेशन एंड स्किल डवलपमेंट की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में इसका समावेश किया जाना चाहिए। कार्यशाला में उपस्थित संभाग के सभी अधिकारियों ने रोजगार, इंटर्नशिप, मेंटल हेल्थ, खेल, स्वास्थ्य, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, पुरातत्व, स्थानीय स्तर की जानकारी के साथ नैतिक शिक्षा का पाठ्यक्रम भी प्राथमिक शिक्षा से दिए जाने का सुझाव दिया।

मंत्री राजवर्धन सिंह ने जीआईएस की तैयारी संबंधी समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

अंतरराष्ट्रीय स्तर की हों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सभी व्यवस्थाएं



भोपाल, मुख्य प्रतिनिधि । ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 की सभी व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर की हों। सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूरी की जाएं। यह निर्देश औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने शुक्रवार को मंत्रालय में जीआईएस-2023 की तैयारी की समीक्षा बैठक में दिए। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इंदौर में 10 और 11 जनवरी को होगी। उन्होंने कहा कि सभी राष्ट्र प्रमुखों और औद्योगिक संगठनों के प्रमुखों का भारतीय संस्कृति के अनुसार उपयुक्त सत्कार किया जाए। सभी को एयरपोर्ट पर रिसीव करने से लेकर ठहरने के स्थान तक और आयोजन स्थल तक लाने-ले जाने की उपयुक्त व्यवस्था हो। दो दिवसीय आयोजन में प्रदेश में निवेश के क्षेत्र में क्षमताओं का प्रभावी प्रदर्शन हो। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) की उपयुक्त ब्रांडिंग और जानकारी देने की व्यवस्था भी रखें। विभागीय प्रमुख सचिव मनीष सिंह ने बताया कि जीआईएस-2023 में विश्व के प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुख, राजदूत और उनके प्रतिनिधि-मंडल तथा औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित लगभग 4 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। सभी के आवास, भोजन और आयोजन स्थल तक पहुंचने आदि की सभी व्यवस्थाएं पुख्ता कर ली गई हैं। एमडी एमपीआईडीसी मनीष सिंह ने बताया कि सभी आमंत्रकों से चर्चा कर ली गई है। साथ ही सभी को निमंत्रण भी भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा और निर्देशानुसार सभी कार्य समय-सीमा में पूरे कर लिए जाएंगे। मंत्री दत्तीगांव को पूरे इवेंट की व्यवस्थाओं और दो दिवसीय सेशन की मिनट-टू-मिनट जानकारी प्रेजेंटेशन के जरिए दी गई।

पीएचई अफसरों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने अड़े सदस्य, समझाईश से शांत हुआ मामला

भोपाल। जनपद पंचायत फंदा की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में पीएचई अफसरों के रवैये को लेकर सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। सदस्यों का आरोप था कि अफसर योजना की सही जानकारी जनप्रतिनिधियों को नहीं देते हैं। घटिया काम होने की शिकायत के बाद भी उस पर अमल नहीं होता है। नाराज सदस्यों ने एक सुर में निंदा प्रस्ताव लाने की मांग अध्यक्ष से की। फंदा अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने नाराज सदस्यों को शांत कराया और पीएचई अफसरों को समन्वय बना कर कार्य करने की हिदायत दी। बैठक में जनपद सीईओ शंकरलाल नामदेव पांगे सहित अन्य विभागों के अफसर मौजूद रहे। जनपद अध्यक्ष राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार गांवों के विकास के लिए तेजी योजनाएं ला रही हैं। उनका लाभ ग्रामीणों को मिले। इसी उद्देश्य के साथ काम करना है। लेकिन यह तभी संभव है जब जनप्रतिनिधि और अफसर समन्वय बना कर कार्य करें। उन्होंने पीएचई विभाग के अफसरों को हिदायत देते हुए कहा कि कार्य गुणवत्ता ठीक तरह से करें और जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर क्षेत्र में कार्य करें। आईंदा ऐसा हुआ तो अगली बैठक में निंदा प्रस्ताव पास किया जाएगा। उपाध्यक्ष मलखान सिंह ठाकुर ने सदन में कहा कि पीएचई विभाग के द्वारा बगैर जनप्रतिनिधि की राय लिए जोर किये जा रहे हैं। परिणाम अधिकांश सूखे निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत अचारपुरा के गांव हरनामपुरा पठार में पानी की टंकी का निर्माण किया गया है, लेकिन वहां पर पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है।

सहकारी संस्थाओं के चुनाव न कराने और सलाहकार नियुक्त करने की तैयारी का किया विरोध

सरकार के विरोध में सहकार भारती 2 जनवरी को भोपाल में आंदोलन



भोपाल, मुख्य प्रतिनिधि। आत्मनिर्भर का अनुषांगिक संगठन सहकार भारती सहकारी संस्थाओं के चुनाव न कराने और सलाहकार नियुक्त करने की तैयारी को लेकर सरकार के विरोध में आ गया है। इसको लेकर संगठन 2 जनवरी को भोपाल के अंबेडकर उद्यान में प्रदेशव्यापी प्रदर्शन करेगा। यह जानकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह और महामंत्री योगेंद्र सिंह कोकलाखेड़ी ने शुक्रवार यहां पत्रकारों से चर्चा में दी। उन्होंने कहा, संगठन का मानना है कि संविधान में प्रावधान होने के बाद भी सरकार चुनाव नहीं करा रही है, जो सहकारिता की मूलभावना के विरुद्ध है। भाजपा और कांग्रेस, दोनों इस मामले में सख्त हैं और अधिकारी भी यही चाहते हैं कि संस्थाओं में उनका वर्चस्व बना रहे। उन्होंने कहा कि संविधान में 97वें संशोधन के माध्यम से पांच साल में चुनाव का प्रावधान किया गया है। यदि चुनाव किसी कारण से नहीं हो पाता है, तो छह माह के लिए प्रशासक नियुक्त किया जा सकता है और विशेष परिस्थिति में यह अवधि छह माह और बढ़ाई जा सकती है। इसके बाद भी प्रदेश में 2017-18 के बाद से प्रदेश की सहकारी चार हजार सहकारी समितियों के चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं, जबकि पिछले दिनों ही नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह के क्षेत्र लहार की समिति के चुनाव कराने के आदेश जारी किए गए हैं। इससे साफ है कि भाजपा और कांग्रेस, दोनों इस मामले में एक हैं। सभी कांग्रेस किसानों से जुड़े इस बड़े मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं। सरकार ने चुनाव न कराने पड़े, इसलिए विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सहकारी अधिनियम में संशोधन कर प्रशासक की सहायता के लिए सलाहकार नियुक्त करने का प्रावधान किया है। इसमें तीन किसान, एक शासन का प्रतिनिधि और एक संबंधित जिला सहकारी बैंक का प्रतिनिधि होगा। यह केवल गुमराह करने के लिए किया गया है। इसके विरोध में पहले भी ज्ञापन दिया जा चुका है और अब आंदोलन होगा। शुक्रवार से इसकी शुरुआत कर दी गई है। सभी जिलों में राज्यपाल के नाम ज्ञापन देकर चुनाव कराने की मांग की जा रही है। इसके बाद भी सरकार कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाती है, तो फिर इसे व्यापक रूप दिया जाएगा।

डीजीपी सक्सेना ने मातहतों को दिलाई सुशासन की शपथ



भोपाल (मप्र)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करने की मंशा से उनके जन्म दिन 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। चूंकि 25 दिसंबर को अवकाश है, इसलिए पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो दिन पहले यानी 23 दिसंबर को सुशासन की शपथ ली है। प्रदेश पुलिस के मुखिया सुधीर कुमार सक्सेना ने मातहतों को सुशासन की शपथ दिलाई है। अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहने और शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जवाबकल्याण केंद्रित और जवाबदेह बनाने के लिए सामूहिक रूप से शपथ ली है।

सेवानिवृत्त कर्मचारी का रेलवे पटरी पर मिला शव

ओगासी(साद)। छोटा मंदिर थाना इलाके में रेलवे पटरी पर एक व्यक्ति का शव मिला। पटरी के पास ही लावारिस बाइक खड़ी हुई थी। बाइक में मिले दस्तावेज के आधार पर पुलिस को बाबूलाल से सेवानिवृत्त हुए फौजी की संभावना जताई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात ट्रेन करे अथ मैरिज गार्डन के सामने रेल पटरी पर एक शव पड़ा होने की सूचना मिली थी।

निगम के अपर आयुक्त के खिलाफ लोकायुक्त ने दर्ज किया मुकदमा

भोपाल (मप्र)। लोकायुक्त संगठन पुलिस ने नगर निगम के अपर आयुक्त के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा रिश्वत लेते हुए बनाए गए वीडियो के आधार पर की गई है। यह कार्रवाई सौरभ गुप्ता की शिकायत पर की गई है। गुप्ता चालाजी साइबर संस्था संचालित करते हैं। उनकी संस्था एमसी कॉप के माध्यम से नगर निगम भोपाल क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण प्रदान कराती है। राशि का भुगतान करने के एवज में परिहार ने गुप्ता से दस फीसदी का कमीशन मांगा था। परिहार ने 13 दिसंबर 2022 को गुप्ता की संस्था को 13,32,437 का भुगतान किया था। परिहार के दबाव बनाने पर गुप्ता ने 15 दिसंबर 2022 को परिहार को 83500 उनके चार इमली स्थित निवास पर जाकर दिए थे। पचास हजार रुपए बाद में देना था। राशि देते समय गुप्ता ने अपने मोबाइल से वीडियो बना लिया था। वीडियो के साथ इसकी शिकायत लोकायुक्त में की थी। उसी आधार पर परिहार के खिलाफ यह प्रकरण दर्ज किया गया है।

नया साल-बदलो सरकार, नया साल-कमलनाथ सरकार का संकल्प लिया जाएगा

कांग्रेस एक जनवरी को मनाएगी संकल्प दिवस, चुनाव तक रोजाना आंदोलन



भोपाल, मुख्य प्रतिनिधि। अगले साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मप्र कांग्रेस नए साल में नए संकल्प के साथ मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। मप्र कांग्रेस 1 जनवरी को संकल्प दिवस मनाएगी। संकल्प दिवस सभी जिला मुख्यालयों पर मनाया जाएगा और नया साल-बदलो सरकार, नया साल-कमलनाथ सरकार का संकल्प लिया जाएगा। एक जनवरी से चुनाव तक हर ऐब भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन होगा, अखबरोज रैलियां निकाली जाएंगी और सभाएं आयोजित की जाएंगी। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर, प्रकाश जैन और महामंत्री राजीव सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा में कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। चंद्रप्रभाष शेखर ने कहा कि प्रदेश में हर वर्ग भाजपा सरकार से परेशान है। किसानों को उपज की कीमत नहीं मिल रही है, तो युवा बेरोजगारी से परेशान है। आम आदमी महंगाई के बोझ से दबा जा रहा है, तो महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। छोटे व्यापारियों के काम धंधे चौपट हो गए हैं। जीएसटी की मार से कोई वर्ग अछूता नहीं है। राजीव सिंह ने कहा कि खड़े तीन लाख करोड़ रुपए का ऋण प्रदेश सरकार पर हो चुका है। आश्चर्यजनक के मामले हों या फिर अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों पर अत्याचार मप्र नंबर एक पर है। भ्रष्टाचार चरम पर है और स्वास्थ्य सुविधाओं के हाल बेहाल हैं। प्रकाश जैन ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विजन बनाया जा रहा है। पार्टी ने तय किया है कि चुनाव तक रोजाना सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन चलाएंगे और जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।

कांग्रेस ने भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई न करने का पाप किया: मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान कांग्रेस के महापाप गिनाने पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि हां, कांग्रेस सरकार से पाप हुआ था कि घोटाले के आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की।

आवेदनों का समय पर करें निराकरण: राजन

भोपाल, मुप्र । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने विशेष सघन पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, परिवर्तन के लिए प्राप्त हुए दावों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पोलिंग पार्टियों, फोटोग्राफीकाल सिविलर एंट्रीज के आवेदनों की भी समीक्षा कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। राजन ने सभी उप जिला निर्वाचन अधिकारियों से समीक्षा बैठक की। जिन जिलों का कार्य पिछड़ा है, उन्हें आवेदनों के निराकरण समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। जिलों में आए कुल आवेदन 33.67 लाख में से 27.55 लाख का निराकरण पूर्ण हो चुका है, जिसमें 6.12 लाख आवेदन अभी पेंडिंग हैं, इसके साथ ही राजन ने यह भी कहा की जिन जिलों में पेंडिंग कार्य हैं उन्हें 26 दिसंबर से पहले पूर्ण किया जाए। बता दें कि 5 जनवरी 2023 को अंतिम प्रकाशन की सूची जारी की जाएगी।

सरकार को जहां जाना है, जाए हम जनता की अदालत में जाएंगे

भोपाल, मुप्र। संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा द्वारा कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के आरोप को झूठ का पुलिंदा बताने पर विधायक कुणाल चौधरी ने पलटवार करते हुए कहा कि इसे कहते हैं एक तो चोरी और ऊपर से सीना जोरी। जनता की गाढ़ी कमाई को अपने कार्यकर्ताओं को खिलाना और जनता पर ऐब कर्ज बढ़ाना। प्रदेश पर 4 लाख करोड़ का कर्ज हो चुका है। मेरे सवाल के जवाब में विधानसभा में सरकार ने उत्तर दिया, जिसके आधार पर हमने बात रखी। हम तो उसे पटल पर रखने तैयार थे, पर अनुमति नहीं दी गई। इससे साफ पता चलता है कि कहीं न कहीं दाल में काला है। सरकार को जहां जाना है, चली जाए, हम जनता की अदालत में जाएंगे कि किसी तरह भाजपा सरकार जनता की गाढ़ी कमाई को लूट सके तो लूट खोजना में लगी है। उन्होंने कहा कि अपने आरोपों को लेकर हम किसी भी मंच पर सरकार के साथ बहस करने को तैयार हैं।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA

सेबी भवन–II, सी–7, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र–400051

चूककर्ता (जिनका पता नहीं लगाया जा सका) के विवरण का प्रकाशन

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के वसूली अधिकारी ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 222 के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 की धारा 28क (2ए) के तहत निम्नलिखित चूककर्ताओं के खिलाफ वसूली प्रमाणपत्र जारी किया था। हालांकि, भौग नोटिस चूककर्ताओं को सारणी में उल्लिखित उनके अंतिम ज्ञात पते पर सेवा नहीं की जा सकी।

क्र. सं.	चूककर्ता(ओं) का नाम	पैन/सीआईएन	चूककर्ता(ओं) का अंतिम ज्ञात पता	वसूली प्रमाणपत्र संख्या	मांग सूचना की तिथि
1	ओरिएंटल ऑरोटेक्निक निवेश निगम लिमिटेड	L99999MH1943PLC003977	505–506, मरीन चैंबर, न्यू मरीन लाइन्स, मुंबई – 400020	4265	16.11.2021
2	इमाग डीरिवेटिव मार्केट सर्विसेज लिमिटेड	U99999MH1994PLC080012	पता 1: कार्मान कॉम्प्लेक्स, 110, ओल्ड आगरा रोड, ठाणे वेस्ट–400601 पता 2: 6, बेसमेंट, गणेश टावर्स, दादा पाटिल रोड, ठाणे वेस्ट–400602	4266	16.11.2021
3	डाटावेस फाइनेंस लिमिटेड	AAACD2954M	पता 1: 19/बी गोयल चेम्बर्स, एस.ए. ब्रेलवी रोड, फोर्ट, मुंबई–400001 पता 2: सी–27, एवरशाइन शॉपिंग सेंटर जेपी रोड, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई – 400053 पता 3: वास हाउस, जम्मभूमि मार्ग, किला, मुंबई – 400001	4387	17.12.2021
4	रोयल सर्कोपिट इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	U99999MH1986PLC039661	कामगवाला चैंबर, दूसरी मंजिल, सर पीएम रोड, फोर्ट, मुंबई–400001	4411	28.12.2021
5	राना ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड	U24100MH1987PTC043885	ई–219 सागर अपार्टमेंट, कायर, पीटर पी मार्ग, सोनापुर लेन, खुर्ला, मुंबई – 400070	4615	06.04.2022
6	हाईलैंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड	U99999MH1986PLC036897	जे 103, सुपेर नगर, बिल्डिंग नंबर 2, एस डी रोड, कोरकेंद्र, वीरोवली वेस्ट, मुंबई – 400092	4616	06.04.2022
7	वायरल सिटेक्स लिमिटेड (अब वीएसएल इकोटेक्नलैट लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)	U17100MH1986PLC037478	1–2 अभिषेक, एस.वी. रोड, इरला ब्रिज, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई – 400103	4633	07.04.2022
8	भगवती कॉटन्स लिमिटेड	L17110MH1990PLC093603	20, राजा बहादुर इमेंशन, अंबालाल दोषी मार्ग, फोर्ट, मुंबई – 400023	5479	26.08.2022

उपरोक्त चूककर्ता (चूककर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि वे **8 जनवरी, 2023** तक ऊपर दिए गए पते पर पत्र भेजकर या **recoveryho1@sebi.gov.in** पर ईमेल भेजकर वसूली अधिकारी से संपर्क करें। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति को यह जानकारी हो कि ऊपर उल्लिखित चूककर्ता (चूककर्ताओं) कहीं है तो वे इस संबंध में जानकारी **8 जनवरी, 2023** तक ऊपर दिए गए पते पर पत्र भेजकर या **recoveryho1@sebi.gov.in** पर ईमेल भेजकर वसूली अधिकारी को प्रदान कर सकते हैं।

दिनांक: 24.12.2022
स्थान: मुंबई

सृष्टी आंबोकर
(वसूली अधिकारी)

राकां के ठाणे अध्यक्ष परांजपे पर केस दर्ज

आव्हाड ने कहा- गैंगस्टर की तरह काम कर रही सरकार

■ ठाणे, नवभारत न्यूज नेटवर्क.

राष्ट्रवादी कांग्रेस के ठाणे अध्यक्ष आनंद परांजपे पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का मामला दर्ज किया गया है. राकां विधायक जितेंद्र आव्हाड ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार गैंगस्टर की तरह काम कर रही है, मेरे खिलाफ भी झूठा केस दर्ज करने की तैयारी की जा रही है. ट्वीट और घोषणाओं को लेकर राकां के शहर अध्यक्ष आनंद परांजपे के खिलाफ कई थानों में अभियोग दर्ज किए गए हैं. पुलिस को भी रातों-रात इसका संज्ञान लेने का आदेश दिया गया है. आव्हाड ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को विरोध करना होता है. ऐसी गिरफ्तारियों और धमकियों से कुछ नहीं होता है. आपको बता दें कि बालासाहेब की शिवसेना पार्टी के सागर बापट और कृष्णा पडलकर की मांग पर राकां अध्यक्ष आनंद परांजपे के खिलाफ मानहानि और राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है.

मेरे खिलाफ झूठा केस दर्ज करने की चल रही तैयारी

आंदोलन के दौरान आपत्तिजनक नारेबाजी

- विदित हो कि एनसीपी के आंदोलन के दौरान राकां पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जमकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ नारेबाजी की थी.
- इतना ही नहीं आंदोलन के दौरान 50 खोके, एकदम ओके, एकनाथ शिंदे, दिल्लीचे मिंदे ऐसी नारेबाजी की जा रही थी.
- इसी नारेबाजी के खिलाफ चितलसर, श्रीनगर और ठाणेनगर पुलिस स्टेशन में आनंद परांजपे और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई गई है.
- शिकायत में कहा गया है कि राकां के पदाधिकारियों ने ठाणे शहर अध्यक्ष आनंद परांजपे की अगुवाई में अपमानजनक नारेबाजी और घोषणाबाजी की.
- इतना ही नहीं उन्होंने सार्वजनिक तौर पर अपमानजनक शब्दों का भी उपयोग किया. जिसके खिलाफ यह शिकायत दर्ज कराई गई है. पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई बताई जा रही है.



भाजपा देश में फैला रही धार्मिक उन्माद



ठाणे. भाजपा सभी मुद्दों को धर्म से जोड़ती है और देश में सिर्फ धार्मिक उन्माद फैलाने का काम कर रही है. उक्त बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व सांसद तारिक अनवर ने कहते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर हमला बोला है. उन्होंने कहा है कि हाल में ही हुए हिमाचल प्रदेश और दिल्ली नगर निगम चुनाव में हुई हार से अब भाजपा की लोकप्रियता कम हो रही है और भारत जोड़ो यात्रा से अब वह बौखला गई है. अनवर एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने ठाणे आये थे. इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत की. उनके साथ अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष मुनाफ हामिक, प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष कानडे, प्रदेश सचिव पदाधिकारी मनोज शिंदे, अनीश कुरैशी, ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण, जिया शेख, मंजूर खत्री आदि मौजूद थे. केंद्र सरकार द्वारा की गई राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को स्थगित करने की अपील के बारे में पूछने पर अनवर ने कहा कि यह यात्रा को रोकने की साजिश की जा रही है.

बाल सुधारगृह से 5 बच्चे लापता

अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज, जांच शुरू

■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.

जिन बाल सुधार गृहों में अपराधी बच्चों को सुधारने के लिए रखा जाता है, लचर व्यवस्था के चलते आज उनका प्रबंधन सवालों के घेरे में आ गया है. चेंबूर स्थित आदित्य बिरला सेंटर फॉर वेलफेयर ऑफ चिल्ड्रन होम से 4 दिनों में 5 नाबालिग बच्चों के लापता होने का मामला सामने आया है, जिसमें 13 से 17 वर्ष के बच्चों का समावेश है. इसकी भनक लगते ही सेंटर के प्रबंधन द्वारा चेंबूर पुलिस स्टेशन में उक्त बच्चों के अपहरण का मामला दर्ज कराया गया है. पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. चेंबूर स्थित आदित्य बिरला सेंटर फॉर वेलफेयर ऑफ चिल्ड्रेन होम नामक एक बाल सुधार गृह है, जिसमें मुंबई के विभिन्न इलाकों से लावारिस पाए जाने वाले बच्चों को रखकर उनका पालन पोषण किया जाता है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 से 20 दिसंबर के दरम्यान 5 नाबालिग बच्चे लापता हुए हैं जिसमें से 2 की उम्र 17 और तीन की 13, 14, 15 वर्ष है.

सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही पुलिस



1 पुलिस ने सुधार गृह के प्रभारी अधीक्षक मंगेश राणे की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बच्चों के अपहरण करने का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के तुरंत बाद ही सुधार गृह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना के साथ-साथ सुरक्षा रक्षकों से भी पूछताछ शुरू कर दी है.

2 मिली जानकारी के अनुसार सुधार गृह में 4 बच्चों को (जब वह रास्ते में भटक रहे थे) कुर्ला रेलवे पुलिस ने भेजा था और एक बच्चा चेंबूर पुलिस के माध्यम से आया था. पुलिस के मुताबिक सभी बच्चे अनाथ हैं और उन्हें अच्छी शिक्षा और पालन पोषण के लिए यहां रखा गया है. चेंबूर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जयकुमार सूर्यवंशी ने बताया कि हम मिसिंग बच्चों की तलाश कर रहे हैं.

नाबालिगों ने पानी पूरी विक्रेता को मारा चाकू

ठाणे. ठेले पर रखी लकड़ी के नीचे गिरने के बारे में पूछने पर नाराज नाबालिगों ने पानी पूरी विक्रेता के पेट में चाकू घोंप दिया. परिणामस्वरूप वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया. गंभीर रूप से जख्मी विजय को मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. विजय की शिकायत पर कोपरी पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया है. कोपरी स्थित ठाणेकर वाड़ी में रास्ते पर विजय मुदलवाल पानी पूरी का ठेला लगाता है. रात में 17 वर्षीय नाबालिग ठेले के पास आया. उस समय ठेले पर रखी लकड़ी हाथ लगने से नीचे गिर गयी. विजय ने नाबालिग से लकड़ी गिरने के बारे में पूछा. इसको लेकर दोनों में कहासुनी हो गई. इसके बाद गुस्साए नाबालिग ने फोन कर अपने एक दोस्त को बुलाया. दोस्त चाकू के साथ वहां पहुंचा. दोनों ने विजय की जमकर पिटाई की और उसके पेट में चाकू घोंप दिया. इसके बाद घायल को अस्पताल पहुंचाया गया. बहरहाल कोपरी पुलिस ने दो नाबालिगों को हिरासत में लेकर आगे की जांच कर रही है.

गंभीर घायलावस्था में कराया गया अस्पताल में भर्ती

Since 1979

Jayantilal Maansurbhai & Co

पूराना सोना और चांदी के दागिने खरीद फरोख्त

घट काटे बिना IMMEDIATE PAYMENT मिलेगा.

भारत सरकार द्वारा मान्य, वेल्युवर

Gold ₹.53500/- 24 CT

सभी ७ दिन खुला | मोफत वेल्युअेशन करके मिलेगा.

दुकान नं. १ ओर २, सुरश्री अपार्टमेंट, राम मारुती रोड, शिवाप्रसाद हॉटेल के पास, कारेकर ज्वेलर्स के सामने, नवपाडा, ठाणे (प.). 8369568368

१ २ बी, पटेल शॉपींग सेंटर, चंदावरकर रोड, बँक ऑफ इंडिया के बाजूमें, राजमहल हॉटेल की गल्ली में, बोरीवली (प.), मुंबई. 9867272753

दुकान नं.४, चंद्रलोक सी. एच. एस., एल.टी.रोड, मनुभाई ज्वेलर्स के सामने, बोरीवली (प.), मुंबई. 9867272753

www.jayantilalgoldbuyer.com

भारत को विदेशी पैसों की जरूरत नहीं : गडकरी

खुद के दम पर खड़ा करेगा इंफ्रास्ट्रक्चर



ताकि गरीबों को मिल सके रिटर्न

■ कल्याण, नवभारत न्यूज नेटवर्क. केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मुझे विदेशी पैसों की जरूरत नहीं है. भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर भारत की गरीब जनता के पैसों से खड़ा होगा ताकि उन्हें उसका रिटर्न मिल सके. उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है. गडकरी आचार्य अत्रे रंग मंदिर में शुक्रवार को आयोजित दि कल्याण जनता सहकारी बैंक के सुवर्ण महोत्सव को संबोधित कर रहे थे. देशभक्ति और दायित्व दोनों को जरूरी बताते हुए गडकरी ने कहा कि देश के अन्य राज्यों में को-आपरेटिव बैंकों की संख्या काफी कम है, वहीं महाराष्ट्र और गुजरात में शीर्ष स्थान पर है.

कल्याण जनता बैंक का स्वर्ण महोत्सव आयोजित

बता दें कि दि कल्याण जनता सहकारी बैंक के 50 वें साल में पदार्पण को लेकर शुक्रवार को स्वर्ण महोत्सव का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम में समारोह अध्यक्ष के रूप में आरएसएस के कोंकण प्रांत संघ चालक डॉ.सतीश मोढ़, उद्घाटक के रूप में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, डाक विभाग के पोस्ट मास्टर जनरल गणेश सावलेश्वर के अलावा बैंक के चेयरमैन सचिन आंबेकर, उपाध्यक्ष डॉ.रत्नाकर फाटक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अतुल खिरवडकर, अशोक प्रधान, मोहन आघारकर, तथा बीजेपी विधायक गणपतशेठ गायकवाड, विधायक कुमार आयलानी,पूर्व विधायक नरेंद्र पवार सहित तमाम व्यक्ति मौजूद थे.

सिरप नहीं देने पर युवक की हत्या

7 लोगों को लिया हिरासत में



■ मुंब्रा, नवभारत न्यूज नेटवर्क. नशे के लिए कप सिरप नहीं मिलने पर हुए विवाद के दौरान एक युवक की हत्या करने की घटना मुंब्रा के कौसा में हुई है. इस प्रकरण में मुंब्रा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करने के बाद 7 लोगों को हिरासत में लिया है और इनसे पूछताछ कर रही है. रशीद कंपाउंड में कफ सिरप को लेकर विवाद में सरनाम की धारदार हथियार से हमला कर हत्या करने का मामला सामने आया है. मुंब्रा थाने के सीनियर पीआई अशोक कडलग ने बताया कि मुंब्रा के पास झंडे वाला बाबा इलाके में नशा करने के लिए कफ सिरप को लेकर नशेड़ियों में रात में विवाद हो गया.इस दौरान सरनाम पर धारदार हथियार से हमला किया गया, जिसमें उसकी मौत हो गई.जो कि मूल रूप से यूपी के बहराइच का रहने वाला था.

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

प्रधान कार्यालय, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, स्टार हाउस 2, 8वीं मंज़िल, सी-4,जी-ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पू.), मुंबई-400 051. ई-मेल: Headoffice.it@bankofindia.co.in

संदर्भ संख्या: बीओआई/एचओ/आईटी/एनएसआई/आरएफपी- 01/2022 दिनांक 23.12.2022 द्वारा बीएसएनएल/एमटीएनएल लिंक, नेटवर्क डिवाइस, लिंक की एसएलए निगरानी ओर बीओआई ओर आरआरबी के आंचलिक कार्यालयों ओर केंद्रीय स्थानों पर सुविधा प्रबंधन हेतु सहयोग, प्रबंधन और निगरानी के लिए नेटवर्क सेवा इंटीग्रेटर के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध।

शीर्षांकित आरएफपी बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट www.bankofindia.co.in के अंतर्गत 'टेंडर' भाग में 23.12.2022 से उपलब्ध है। बाद में कोई परिवर्तन, यदि हो तो उसे वेबसाइट पर ही अपलोड किया जायेगा। प्रस्ताकव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20-01-2023 है।

GOVERNMENT OF INDIA
Ministry of Commerce & Industry
Office of the Controller General of Patents, Designs and Trade Marks
Boudhik Sampada Bhawan,
S. M. Road, Antop Hill, Mumbai–400 037
Website: www.ipindia.nic.in

सत्यमेव जयते

INTELLECTUAL PROPERTY INDIA Patents, Designs Trademarks & GI

Advertisement

Applications are invited from eligible candidates for hiring 16* Contractual Manpower in the capacity of Consultant, Senior Research Associate, Research Associate and Young Professional for Indian Intellectual Property (IP) Offices located at Mumbai, New Delhi, Chennai, Kolkata, Ahmedabad and Nagpur. For more details and online application for said posts, please visit the official website www.ipindia.nic.in

The last date to apply online for the said posts is 16.01.2023.

* Number of posts is subject to variation.

-Sd-
Controller General of Patents, Designs and Trade Marks

मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण मंडल
(म्हाडा की इकाई)
कार्यकारी अभियंता/सी-2 डिवीजन, 1ली मंजिल, 10-12, रोपा लेन, चंदनवाडी, मरीन लाइंस, मुंबई – 400 002
टेली नं. : 022-22054235 ईमेल आईडी : rreec2mhada@gmail.com

निविदा सूचना

कार्यकारी अभियंता सी-2 डिवीजन, मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण मंडल, द्वारा निम्नलिखित अनुसार सेस्ड बिल्डिंगों की मरम्मत कार्यों हेतु कॉलम नं. 10 में दर्शाये अनुसार समुचित श्रेणी के किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी संगठन अथवा म्हाडा/एम.सी.जी.एम./सिडको/पीडब्ल्यूडी/सीपीडब्ल्यूडी/एमजेपी/एमआईडीसी/बीपीटी/एमईएस/भारतीय रेलवे के साथ पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से बी-1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं.

अ. क्र.	कार्य का नाम	निविदा की रकम (रु. में)	बयाना रकम (रु. में)	सुरक्षा जमाराशि, (2%) (रु.में)	कोरी निविदा का मूल्य + जीएसटी (रु. में)	कोरे निविदा जारी करने की तिथि	मुहरबंद निविदा स्वीकृति की तिथि एवं समय	समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	बिल्डिंग नं. 18-20, चेवूल वाडी, मुंबई की मरम्मत (बोर्ड कार्य) (IX बुलावा)	1,00,009/-	1,000/-	2,000/-	236/-	26.12.2022 से 30.12.2022, सुबह 10.00 बजे से दोप 1.00 बजे तक	02.01.2023 से 03.01.2023, सुबह 10.00 बजे से सायं. 5.00 बजे तक	12 माह	श्रेणी-IX तथा ऊपर

1. यदि निविदाकर्ता अनुमानित दरों से कम दर उद्धृत करता है तो एल1 (1ले निम्नतम) बोलीकर्ता को निविदा खुलने की तिथि के पश्चात 8 दिनों के भीतर अतिरिक्त निष्पादन सुरक्षा जमाराशि जमा करनी होगी. यदि वे अतिरिक्त सुरक्षा जमा राशि जमा करने में असफल होते हैं तो एल2 (2रे निम्नतम) बोलीकर्ता को अवसर प्रदान किया जायेगा और यदि एल2, एल1 द्वारा उद्धृत दर से कम दर पर कार्य करने हेतु सहमत होते हैं तो उनके प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जायेगा. अधिक जानकारी के लिये विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन करें.
2. कोरे निविदा प्रपत्र, निष्पादित किये गये समान प्रकार के कार्य के विगत अनुभव के प्रमाणपत्र तथा पैन कार्ड, नवीनतम वैध पंजीकरण की मूल अथवा छायांकित (विधिवत सत्यापित) प्रतियां प्रस्तुत करने पर ही जारी किये जायेंगे.
3. जो ठेकेदार एम.एच.ए. डी.ए. के साथ पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें निविदा प्रपत्र जमा करते समय वे किसी भी सरकारी अथवा अर्धसरकारी संगठन की काली सूची में शामिल ना होने की पुष्टि के संबंध में विधिवत नोटरीकृत शपथपत्र की सत्यापित प्रति जमा करनी होगी.
4. **जमा किये गये दस्तावेजों की सम्पूर्णता, सत्यता तथा सटीकता के संबंध में रुपये 500/- के स्टैम्प पेपर पर शपथपत्र की प्रति कार्यकारी दंडाधिकारी/नोटरी के समक्ष जमा करनी होगी.**
5. बयाना रकम जमा, मुख्य लेखा अधिकारी, एम. बी. आर. एंड आर. बोर्ड, मुंबई के नाम से पृष्ठांकित तथा राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक द्वारा जारी एक वर्ष की अवधि हेतु लघु अवधि जमा रसीद के स्वरूप में अदा करनी होगी.
6. कोरी निविदा कॉलम नं. 6 के अनुसार कार्यकारी अभियंता सी-2 डिवी. एम.बी.आर. एंड आर. बोर्ड, 10-12 रोपा लेन, चंदनवाडी, मरीन लाइंस, मुंबई-02 द्वारा जारी की जायेंगी तथा कॉलम नं. 7 में दर्शाये अनुसार उसी कार्यालय में स्वीकार की जायेंगी. मुहरबंद निविदा कार्यकारी अभियंता सी-2 डिवीजन, एम.बी.आर. एंड आर. बोर्ड, मुंबई के कार्यालय में दि. **04.01.2023 को यदि संभव हुआ तो सुबह 11.30 बजे** खोली जायेंगी.
7. संयुक्त उद्यम से बोलियां स्वीकार नहीं की जायेंगी.
8. यह आवश्यक है कि ठेकेदार के पास समान प्रकार के कार्य का न्यूनतम पांच वर्षों का अनुभवी एक सिविल इंजीनियर तथा अन्य सुपरवाइजिंग अधिकारी हों.
9. उप ठेकेदार का अनुभव और उसके स्वामित्व के औजारों और प्लांट्स पर कोई विचार नहीं किया जायेगा.
10. सक्षम प्राधिकारी के पास किसी भी अथवा सभी निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.
11. जीएसटी अंतर्गत पंजीकरण प्रमाणपत्र अनिवार्य है.

हस्ता,/-
(महेश जाधव)
कार्यकारी अभियंता (सी-2) डिवीजन,
एम.बी.आर.एंड आर. बोर्ड, मुंबई

CPRO/A/724 म्हाडा - राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण

नशे की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

ठाणे. चिरागनगर में मादक पदार्थ निरोधक दस्ते ने मादक पदार्थ बेचते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान चंद्रकांत महतो के रूप में हुई है. पुलिस ने उसके पास से एक लाख 11 हजार रुपये कीमत का मेथाक्वालोन नामक मादक पदार्थ बरामद किया है. ठाणे पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चिराग नगर के सेवा रोड के पास मादक पदार्थ बेचने आ रहा है. इस सूचना के आधार पर पुलिस इंस्पेक्टर गिरीश बाने की टीम ने चंद्रकांत को हिरासत में लिया. पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 22 ग्राम नशीला मेथाक्वालोन बरामद किया. पुलिस ने बताया कि इन नशीले पदार्थों की कीमत एक लाख 11 हजार रुपये है.

1.11 लाख का मादक पदार्थ बरामद

राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं समुद्री अनुसंधान केंद्र
NATIONAL CENTRE FOR POLAR & OCEAN RESEARCH
Vasco-da-Gama, Goa-403804

The Director, NCPOR invites online applications from eligible & prospective Indian Nationals for filling up the following position on direct recruitment basis at NCPOR:

Sl. No.	Name of the post	Pay Matrix	Total posts	Max. Age
01	Assistant Manager (P&S)	Level-7 (44900-142400)	01 (UR)	35

For eligibility and other conditions applicants may visit our website www.ncpor.res.in/https://onlineform.ncpor.res.in/ncpor2022/login.php

The last date of submission of online application is 45 days from the date of publication of advertisement in the Employment Newspaper dated 24th - 30th December 2022.

विज्ञापन सं : NCPOR/16/2022

(Dr. K.P. Krishnan)
Scientist-F & Head (Administration)

कीमती मूर्तियां चुरा ले गए चोर

भिवंडी. कचेरी पाड़ा रिमांड होम के समीप घर में घुसकर 51 हजार रुपये की चांदी व पीतल की मूर्तियां चोर लेकर रफूचक्कर हो गए. मकान मालिक जयश्री सखाराम करजकर की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन ने चोरी का मामला दर्ज किया है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिमांड होम के पीछे जयश्री सखाराम करजकर का लकड़ी मकान का मकान है. इसका लकड़ी का पटरा हटा कर अज्ञात चोर ने घर में प्रवेश किया और घर में रखी 51 हजार 900 के चांदी व पीतल की मूर्तियां चोरी कर फरार हो गया. जानकारी मिलने पर अज्ञात चोर के खिलाफ शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है. पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है. चोरी की घटना से समूचे रहिवासी क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त है.



MUNICIPAL CORPORATION AURANGABAD
Executive Engineer (Roads)

Address : Municipal Corporation Aurangabad. Executive Engineer (Roads)
Head Office : Town Hall Pin 431001. Tel No. (0240) 2333536-40 Fax No. (0240) 2331213
E-Tender Call AMC (for Help) : Mob No. 9764999577
No./AMC/Dy. Eng.(09)/Roads/297/2022 Date : 22/12/2022

Sr. No.	Name of Work	Last Date of Tender Submission
1	Asphalting of Side Shoulders & Road Furniture Work for Kranti Chowk to Railway Station Road in Zone No. 09 Area. (Tender Amount Rs. 83,60,122/-)	Date : 30/12/2022
2	Strengthening & Asphalting of Road In-Front of Holiday Home in Zone No. 09. (Tender Amount Rs. 41,28,331/-)	Date : 30/12/2022
3	Construction of Footpath from Bhaijiwali Bai Chowk to Yasho Mangal Karyalay in Zone No. 09. (Tender Amount Rs. 1,06,03,986/-)	Date : 30/12/2022
4	Construction of Footpath from Bhaijiwali Bai Chowk to Anand Gade Chowk ITI Corner in Zone No. 09. (Tender Amount Rs. 1,12,79,620/-)	Date : 30/12/2022
5	Construction of RCC Divider / Center Median at Kranti Chowk to Mahaveer Chowk. (Tender Amount Rs. 82,03,677/-)	Date : 30/12/2022
6	Construction of RCC Divider / Center Median at Mahaveer Flyover to Ram Mandir to Railway Station to GST Office. (Tender Amount Rs. 38,10,370/-)	Date : 30/12/2022

Note : Detailed information of the tender for which interested proposals are invited through this e-auction mode The website is available at www.mahatenders.gov.in.

Sd/-
Executive Engineer (Roads)
Aurangabad Municipal Corporation

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA
सेबी भवन–।।, सी–7, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र–400051

चूककर्ता (जिनका पता नहीं लगाया जा सका) के विवरण का प्रकाशन

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के वसूली अधिकारी ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 222 के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 की धारा 28क (28ए) के तहत निम्नलिखित चूककर्ताओं के खिलाफ वसूली प्रमाणपत्र जारी किया था । हालाँकि, माँग नोटिस चूककर्ताओं को सारणी में उल्लिखित उनके अंतिम ज्ञात पते पर सेवा नहीं की जा सकीं :

क्र. सं.	चूककर्ता(ओं) का नाम	पैन / सीआईएन	चूककर्ता(ओं) का अंतिम ज्ञात पता	वूसली प्रमाणपत्र संख्या	मांग सूचना की तिथि
1	ओरिएंटल औद्योगिक निवेश निगम लिमिटेड	L99999MH1943PLC003977	505–506, मरीन चौंबर, न्यू मरीन लाइन्स, मुंबई – 400020	4265	16.11.2021
2	प्रमाण कैपिटल मार्केट सर्विसेज लिमिटेड	U99999MH1994PLC080012	पता 1: वर्धमान कॉम्प्लेक्स, 110, ओल्ड आगरा रोड, ठाणे वेस्ट–400601 पता 2: 6, बेसमेंट, गणेश टावर्स, दादा पाटिल रोड, ठाणे वेस्ट–400602	4266	16.11.2021
3	डाटाबेस फाइनेंस लिमिटेड	AAACD2954M	पता 1: 19 / बी नोबल चेम्बर्स, एस.ए. बरेलवी रोड, फोर्ट, मुंबई–400001 पता 2: सी–27, एवरशाइन शॉपिंग सेंटर जेपी रोड, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई – 400053 पता 3: वत्स हाउस, जन्मभूमि मार्ग, किला, मुंबई – 400001	4387	17.12.2021
4	रोडल सर्काप्रिंट इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	U99999MH1986PLC039661	कामनवाला चौंबर, दूसरी मंजिल, सर पीएम रोड, फोर्ट, मुंबई–400001	4411	28.12.2021
5	रत्ना ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड	U24100MH1987PTC043885	ई–219 सागर अपार्टमेंट, फादर. पीटर पी मार्ग, सोनारपुर लेन, कुर्ला, मुंबई – 400070	4615	06.04.2022
6	हाईलैंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड	U99999MH1985PLC036897	जे 103, सुमेर नगर, बिल्डिंग नंबर 2, एस वी रोड, कोरकेंद्र, बोरीवली वेस्ट, मुंबई – 400092	4616	06.04.2022
7	वायरल सिंटेक्स लिमिटेड (अब वीएसएल इंफोटेनमेंट लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)	U17100MH1985PLC037478	1–2 अभिषेक, एस.वी. रोड, इरला ब्रिज, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई – 400103	4633	07.04.2022
8	भगवती कॉटन्स लिमिटेड	L17110MH1995PLC093603	20, राजा बहादुर हवेली, अंबालाल दोषी मार्ग, फोर्ट, मुंबई – 400023	5479	26.08.2022

उपरोक्त चूककर्ता (चूककर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि वे **8 जनवरी, 2023** तक ऊपर दिए गए पते पर पत्र भेजकर या **recoveryho1@sebi.gov.in** पर ईमेल भेजकर वसूली अधिकारी से संपर्क करें। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति को यह जानकारी हो कि ऊपर उल्लिखित चूककर्ता (चूककर्ताओं) कहाँ है तो वे इस संबंध में जानकारी **8 जनवरी, 2023** तक ऊपर दिए गए पते पर पत्र भेजकर या **recoveryho1@sebi.gov.in** पर ईमेल भेजकर वसूली अधिकारी को प्रदान कर सकते हैं।

तिथि: 24.12.2022
स्थान: मुंबई

सृष्टी आंबोकर
(वसूली अधिकारी)

कांग्रेस में 'घर वापसी' शुरू

गुलाम नबी आजाद की पार्टी अभी जमीन पर उतरी भी नहीं

■ **दिल्ली,** एजेंसियां. जम्मू-कश्मीर के दिग्गज नेता व पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस से चार दशक पुराना नाता तोड़कर डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) बनाई. जम्मू-कश्मीर की राजनीतिक जमीन पर अभी पार्टी उतरी भी नहीं कि एक के बाद एक नेता साथ छोड़ते जा रहे हैं. पिछले 2 दिनों में 4 बड़े नेता आजाद की पार्टी से



अलग हो गए हैं. माना जा रहा है कि डीएपी से अलग हुए नेता एक बार फिर से कांग्रेस में घर वापसी कर सकते हैं. आजाद की पार्टी बने अभी 3 महीने ही हुए हैं, लेकिन पार्टी के अंदर जबरदस्त उठापटक शुरू हो गई है. जय सिंह ने डीएपी के प्रदेश सचिव बनने के 24 घंटे के भीतर पार्टी से इस्तीफा दे दिया. इसके बाद 3 बड़े नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है. आजाद ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पूर्व उप मुख्यमंत्री ताराचंद, पूर्व मंत्री डॉ. मनोहर लाल और पूर्व विधायक बलवान सिंह को बाहर का रास्ता दिखाया है. जम्मू-कश्मीर की सियासत में ताराचंद, डॉ. मनोहर लाल और बलवान सिंह दिग्गज नेता माने जाते हैं. ये तीनों ही नेता कांग्रेस छोड़कर आजाद की पार्टी से जुड़े थे. कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा था, लेकिन अब 3 महीने में ही तीनों नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है. तीनों ही दिग्गज नेता दोबारा से कांग्रेस में लौट सकते हैं. माना जा रहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जब जम्मू-कश्मीर पहुंचेगी तो उसी समय तीनों नेताओं की घर वापसी कराई जा सकती है. आजाद की पार्टी से निष्कासित किए गए पूर्व उपमुख्यमंत्री ताराचंद अपने समर्थकों से कांग्रेस में शामिल होने के लिए विचार-विमर्श कर रहे हैं.

पार्टी में हर शख्स का स्वागत है : रसूल



जम्मू-कश्मीर के कांग्रेस अध्यक्ष विकार रसूल ने कहा कि कांग्रेस में हर शख्स का स्वागत है. तारा चंद, डॉ. मनोहर लाल, बलवान सिंह और जय सिंह कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे हैं और ये चारों नेता जल्दबाजी में कांग्रेस से गुलाम नबी आजाद की पार्टी में चले गए थे, लेकिन उन्हें चंद दिनों में हकीकत का एहसास हो गया है. इतना ही नहीं वे गुलाम नबी के राजनीतिक एजेंडे को भी समझ चुके हैं कि वह बीजेपी की बी-टीम के सिवा कुछ नहीं हैं. बीजेपी के मकसद के लिए उन्होंने पार्टी बनाई है. इसीलिए एक-एक कर तमाम नेता उनका साथ छोड़ रहे हैं और कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं. गुलाम नबी आजाद का जम्मू-कश्मीर में वही राजनीतिक हश्र होगा जो पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह का हुआ है. पिछले एक महीने में दर्जनों छोटे-बड़े नेता गुलाम नबी की पार्टी छोड़कर कांग्रेस में आए हैं. ताराचंद, डॉ. मनोहर लाल, बलवान सिंह और जय सिंह के छोड़ने के बाद उनकी पार्टी में कोई नहीं बचा है. ये सभी नेता अगर कांग्रेस में आते हैं, तो उनका खुले दिल से स्वागत करेंगे. जम्मू रीजन में इन चारों ही नेताओं की अपनी सियासी हैसियत है और उनके आने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी.

प्रेस की आवाज दबा रही 'आप'

पंजाब में BJP समेत विपक्षी दलों ने घेरा

चंडीगढ़. पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार पर प्रेस की आजादी छीनने के आरोप लगे हैं. भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के नेताओं ने राज्य में प्रेस की आवाज को दबाने के लिए 'आप' सरकार पर निशाना साधा है. साथ ही राज्यपाल से मामले



में ध्यान देने की अपील की गई है. विपक्षी दलों ने सरकार की आलोचना करने वाले प्रिंट और ब्राडकास्ट मीडिया के विज्ञापन रोकने और पक्षपात के आरोप लगाए हैं. पंजाब के राज्यपाल को लिखे पत्र में भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने कहा कि पंजाब सरकार की बात नहीं मानने वाले प्रेस और मीडिया संस्थानों को दंड देना जारी है. इसके अलावा उन्होंने प्रिंट मीडिया के मौजूदा हाल का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि इसका एक और गंभीर पहलू इसकी टाइमिंग है, क्योंकि पारंपरिक मीडिया पहले ही ऑनलाइन मीडिया इंडस्ट्री के बढ़ने से मुश्किलों का सामना कर रहा है. आर्थिक कमजोरी की स्थिति का फायदा उठाकर मीडिया को सरकार के आगे झुकने के लिए कहा जा रहा है. शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि ये सभी आदेश दिल्ली से आते हैं.

'समाजवादी-गांधीवादी होने का ढोंग करते हैं नीतीश'





बिहार के सीएम पर पीके का अटैक

■ **पटना,** एजेंसियां. बिहार में शराबबंदी पूरी तरह असफल है', चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने ये टिप्पणी की है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाजवादी और गांधीवादी होने का ढोंग करते हैं. अपनी जन सुराज पदयात्रा पर शिवहर पहुंचे प्रशांत ने कहा कि पदयात्रा के दौरान हमने देखा कि लोग गांव में आसानी से शराब पी रहे हैं. उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के इर्द-गिर्द रहने वाले लोग ही शराब पीते हैं.

नीतीश के मंत्री-MLA छपरा क्यों नहीं जा रहे? प्रशांत किशोर ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि नीतीश के मंत्री और अधिकारी खुद शराब पीते हैं. इसमें कोई नई बात नहीं है. उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जब कोई शराब नहीं पी रहा तो छपरा में 70 लोगों की मौत कैसे हुई. यहां तक नीतीश के मंत्री-विधायक मृतकों के परिजनों से मिलने तक नहीं जा रहे हैं. किशोर ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की टिप्पणी 'इनका बस चले तो देश को बिहार ही बना दें' पर भी पलटवार किया. हालांकि मंत्री ने बाद में अपना बयान वापस ले लिया था. बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पीके ने कहा, आज बिहारी शब्द गाली जैसा हो गया है.

सुविधानुसार गांधीजी का इस्तेमाल करते हैं

पीके ने महात्मा गांधी का नाम लेकर नीतीश पर सियासी हमला बोला. उन्होंने सवाल किया कि नीतीश कुमार अगर आप गांधीजी को जरा भी जानते हैं तो दिखा दीजिए जहां महात्मा गांधी ने राज्य में शराबबंदी लागू करने को लेकर बात कही हो. पीके ने कहा कि नीतीश कुमार अपनी सुविधा के अनुसार गांधीजी का इस्तेमाल करते हैं. कभी असुविधा होती है तो बीजेपी के साथ बैठ जाते हैं, अगले दिन समाजवादी बनकर फिर लालू प्रसाद के साथ बैठ जाते हैं. नीतीश समाजवाद का ढोंग करके, अब शराबबंदी लागू कर गांधीवादी बनने की कोशिश कर रहे हैं.

मुआवजे की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन



वहीं, दूसरी ओर, बिहार में जहरीली शराब कांड में मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजा देने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा के सांसदों ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया. बिहार सरकार ने सारण जहरीली शराब त्रासदी में 38 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है. हालांकि, इस आंकड़े को भाजपा ने चुनौती दी है. भाजपा का दावा है कि इस त्रासदी में 100 से अधिक लोगों की मौत हुई है. भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि हम जहरीली शराब त्रासदी में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं.

QUICK NEWS

किसान हित में बड़े फैसले ले रही राज्य सरकार : गहलोत

भरतपुर. राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में अहम फैसले ले रही



है और वह किसानों को समर्पित योजनाएं चलाई रही है. गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को समर्पित योजनाएं चलाई जा रही हैं. इन योजनाओं से राजस्थान के किसानों को आर्थिक संबल मिलने के साथ ही उनका जीवन खुशहाल हुआ है. किसान प्रदेश की आर्थिक नीति की एक अहम कड़ी हैं.

कुलाधिपति पद से नहीं हटाने पुनर्विचार की अपील

तिरुवनंतपुरम. आरएसएस से जुड़े दक्षिणपंथी संगठन ने केरल सरकार से राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को राज्य में विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के पद से हटाने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है.



हिमाचल BJP में नेता प्रतिपक्ष की दौड़

जयराम, सत्ती और परमार रेस में

■ **शिमला,** एजेंसियां. हिमाचल प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष का चयन करने के लिए भाजपा ने 25 दिसम्बर को विधायक दल की बैठक बुलाई है. यह बैठक शिमला में होगी. इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, पूर्व प्रदेश



भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय, प्रदेश भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना और सह प्रभारी संजय टंडन के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और भाजपा के निर्वाचित विधायक भाग लेंगे. इस समय नेता प्रतिपक्ष के लिए पूर्व भाजपा अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार का नाम लिया जा रहा है. भाजपा विधायक दल बैठक की तिथि को तय करने का निर्णय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप की अध्यक्षता में हुई वर्चुअल बैठक में लिया गया. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों ने भाग लिया. भाजपा नेताओं ने बैठक में कांग्रेस सरकार की ओर से पूर्व सरकार के समय खोले गए संस्थान बंद करने का विरोध किया और कहा कि इसको लेकर पार्टी मंडल स्तर पर विरोध करेगी.

कांग्रेस की जीत से डरी भाजपा : रॉबर्ट



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति राबर्ट वाड्रा को जमीन खरीद से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में बड़ा झटका लगा. हाई कोर्ट ने केस खत्म करने की याचिका को खारिज कर दिया है. कोर्ट के आदेश के बाद वाड्रा ने सरकार पर निशाना साधा और इसे राजनीति से प्रेरित बताया. उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और हिमाचल में कांग्रेस की जीत से सरकार डर गई है. राजनीतिक शिकार का एक और प्रयास किया जा रहा है. सरकार ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है क्योंकि भारत जोड़ो यात्रा, हिमाचल में जीत, दूसरे राज्यों समेत पूरे देश में बेहतर संभावना को देखते हुए सरकार डर गई है.

कमलनाथ के भतीजे को कोर्ट ने किया तलब

उर्वरक घोटाले में बढ़ीं मुश्किलें



■ **दिल्ली,** एजेंसियां. दिल्ली की एक अदालत ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भतीजे रतुल पुरी को तलब किया है. पुरी कथित उर्वरक घोटाले और 685 करोड़ रुपये के रिश्वत के मामले में मनी लान्ड्रिंग के आरोपी हैं. स्पेशल जज विकास ढुल ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए पुरी को तलब किया और 18 जनवरी से पहले कोर्ट में पेश होने को कहा है. न्यायाधीश ने ईडी के विशेष लोक अभियोजक नीतेश राणा की दलीलों पर गौर करते हुए आदेश पारित किया कि प्रथम दृष्टया इस मामले में पुरी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं. पुरी अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकाप्टर घोटाले और मोज़र बेयर घोटाले से जुड़े मामलों में भी आरोपी हैं. वह फिलहाल दोनों घोटालों से जुड़े मामलों में जमानत पर हैं. उर्वरक घोटाले में राजद के राज्यसभा सदस्य अमरेंद्र धारी सिंह और इफ्को के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी यू. एस. अवस्थी भी शामिल हैं. मामला 2007 से 2014 के बीच अवस्थी, आईपीए के प्रबंधक निदेशक गहलोत और विदेशी आपूर्तिकर्ताओं को रिश्वत के रूप में किए गए 685 करोड़ रुपये से अधिक के भुगतान से संबंधित है.

खोपोली नगरपरिषद, जि. रायगड

जा.क्र. केएमसी/आ.वि./३३०६/२०२२ दि. २२/१२/२०२२

आरोग्य विभाग

ई-निविदा सूचना क्र. ०६/२०२२-२३

खोपोली नगरपरिषद आरोग्य विभागातर्फे खोपोली नगरपरिषद हद्दीत स्वच्छ सर्वेक्षण, ओ.डी.एफ. +/ओ.डी.एफ. ++, स्टार रेटिंग, माझी वसुंधरा व इतर अनुषंगिक बाबींअंतर्गत जनजागृतीविषयक विविध उपक्रम/ कार्यक्रम राबविण्याकरिता विविध कामांकरिताचे दरपत्रक मागविणेकामी ई-निविदा अटी व शर्तीनुसार आवश्यक पात्रता पूर्ण करणाऱ्या अनुभवी व इच्छुक कंत्राटदारांकडून द्विलिफाफा पद्धतीने ई-निविदा मागविण्यात येत आहे. ई-निविदेच्या अटी व शर्ती, सविस्तर ई-निविदा सूचना तसेच ई-निविदेची पुढील सर्व कार्यवाही व शुद्धीपत्रके महाराष्ट्र शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक २३/१२/२०२२ ला दुपारी ३:०० वाजेपासून पाहण्यास उपलब्ध होईल. सदर कामाच्या निविदा प्रक्रियेत कोणताही बदल/सुधारणा करावयाचा असल्यास वरील संकेतस्थळावर प्रसिद्ध करणेत येईल.

निविदा आय.डी. - 2022_DMA_861723_1 सही/-

मुख्याधिकारी, खोपोली नगर परिषद

MUNICIPAL CORPORATION AURANGABAD

EXECUTIVE ENGINEER (Road Section)

Tel. No (0240) 2333536-40
Fax. No. (0240)-2331213

Address : Municipal Corporation Aurangabad, Executive Engineer (Road)
Head office : Town Hall Pin 431001
E-Tender Call AMC (For Help) : Cell No. 9764999592

No/AMC/DyEng-04/596/2022
Date : 21/12/2022

Sr. No.	Work Name	Last Date of Tender Submission
1	Providing bituminous resurfacing of road from T.V. Centre to Salim Ali lake in zone no. 04 (Amount put to Tender Rs. 97,01,203/-)	30/12/2022

Note :- 1. For the above started work is available on web site www.mahatenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer (Road)
Municipal Corporation Aurangabad

सार्वजनिक सूचना

पंडित गोविंद वल्लभ पंत पुरस्कार योजना 2022-23

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा पुलिस, कारागार एवं न्यायालयिक विज्ञान से संबंधित विषयों पर हिंदी में पुस्तक लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही पंडित गोविंद वल्लभ पंत पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 के लिए दिनांक **31 मार्च, 2023** तक प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती हैं। इस योजना के अंतर्गत मूल प्रकाशित पुस्तकों पर **पाँच पुरस्कार तीस-तीस हजार रूपये** के जिनमें एक पुरस्कार महिलाओं के लिए आरक्षित है तथा **दो पुरस्कार चौदह-चौदह हजार रुपये** के अनूदित मुद्रित पुस्तकों के लिए जिसमें एक पुरस्कार महिलाओं के लिए आरक्षित है, प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त **दो पुरस्कार चालीस-चालीस हजार रूपये** के हैं जिसके लिए रूपरेखाएं आमंत्रित हैं। रुपरेखाएं **"नए-नए अपराध, डार्कवेब, क्रिप्टोकरेंसी से अपराध एवं समाधान"** विषय पर तथा **"नागरिक केन्द्रीत पुलिसिंग में सोशल मीडिया की उपयोगिता एवं चुनौतियां"** विषय पर आमंत्रित हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया संपादक हिंदी, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग-8, महिपालपुर, नई दिल्ली-110037 (मो. 9868250923) से संपर्क करें। विस्तृत जानकारी ब्यूरो की वेबसाइट **www.bprd.nic.in** पर उपलब्ध है।

CBC 19117/11/0006/2223

अनुबंध-II

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

नई दिल्ली 110003

विज्ञापन सं. 01/01/2022-पी. III

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में इसके अधीनस्थ कार्यालयों सहित, सीधी भर्ती के आधार पर वैज्ञानिकों के सत्ताईस (27) पदों को भरने के लिए विज्ञापन का विवरण निम्नलिखित है :

(1) **वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग - 13 पद**
- (i) वैज्ञानिक 'बी' के पद 07.
- (ii) वैज्ञानिक 'सी' के पद 02.
- (iii) वैज्ञानिक 'डी' के पद 02.
- (iv) वैज्ञानिक 'ई' के पद 02.

(2) **भारतीय प्राणीविज्ञान सर्वेक्षण - 04 पद**
- (i) वैज्ञानिक 'ई' का पद 01.
- (ii) वैज्ञानिक 'सी' के पद 03.

(3) **भारतीय वानस्पतिक सर्वेक्षण - 04 पद**
- (i) वैज्ञानिक 'एफ' का पद 01.
- (ii) वैज्ञानिक 'ई' के पद 02.
- (iii) वैज्ञानिक 'सी' का पद 01.

(4) **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय - 04 पद**
- (i) वैज्ञानिक 'बी' के पद 02,
- (ii) वैज्ञानिक 'सी' के पद 02,

(5) **वन शिक्षा निदेशालय - 01 पद**
- (i) वैज्ञानिक 'सी' का पद 01

(6) **राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय - 01 पद**
- (i) वैज्ञानिक 'सी' का पद 01

विवरण को दिनांक 24 दिसंबर, 2022 के रोजगार समाचार पत्र पर देखा जा सकता है। उम्मीदवारों को केवल अधिकारिक वेबसाइट यानि moefccrecruitment.nic.in पर दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करना होगा।

हस्ता/-
(सत्य प्रकाश)
अवर सचिव, भारत सरकार

CBC 13101/11/0022/2223

दिल्ली मेयर चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी BJP

कहा-AAP को बहुमत मिला, बनाए मेयर और डिप्टी मेयर

■ **दिल्ली,** एजेंसियां. बीजेपी दिल्ली नगर निगम में होने वाले मेयर चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी. पार्टी ने यह औपचारिक घोषणा कर दी. दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष और भाजपा नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि हम लोग इस बारे में बता चुके हैं कि बीजेपी मेयर के चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी. आम आदमी पार्टी के पास बहुमत है. वह अपना मेयर बनाएं. डिप्टी मेयर बनाएं और जो वादा उन्होंने दिल्ली के लोगों के साथ किया है कि हाउस टैक्स भी समाप्त कर देंगे,



दिल्ली की सड़कों को लंदन और पेरिस वाली बना देंगे, लाइसेंस की फीस भी समाप्त कर देंगे, कूड़े का ढेर 1 वर्ष के अंदर समाप्त कर देंगे और हाउस टैक्स भी हटा देंगे आदि को पूरा करें. उनको हमारी तरफ से फ्री हैंड है. हमारा पूरा सहयोग उनके साथ है. हम उनको शुभकामनाएं देते हैं.

महापौर पद के लिए शैली 'आप' की उम्मीदवार

आप ने महापौर और उपमहापौर समेत एमसीडी के विभिन्न पदों के लिए अपने छह उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया, जिसमें महापौर पद के लिए शैली ऑबेरॉय का नाम सामने आया है. 'आप' के वरिष्ठ नेता पंकज गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान नामों की घोषणा की. पार्टी ने अपनी पीएसी की बैठक की और चर्चा के बाद छह नामों को चुना गया है.

दिल्ली नगर निगम के चुनाव में आम आदमी पार्टी को 250 सीटों में से 134 और भाजपा को 104 सीटें मिलीं थी. इस तरह से आम आदमी पार्टी के पास बहुमत है.

मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर

गड़चिरोली. महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर 20 से 25 की संख्या में नक्सली होने की गोपनीय जानकारी मिलते ही शुक्रवार को सुबह 7 बजे के दौरान गड़चिरोली जिला पुलिस दल के सी-60 कमांडो और छग के बीजापुर जिले के डीजारजी पथक ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए जंगल को घेर लिया. इसी बीच नक्सलियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी. पुलिस जवानों ने भी नक्सलियों की दिशा में गोलीबारी कर 2 को ढेर कर दिया.

करा दो FIR, भेज दो जेल

ओंकारेश्वर में भड़कीं उमा

■ **खंडवा,** एजेंसियां. मध्य प्रदेश की तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर पहुंचीं पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की फायरब्रांड नेता उमा भारती पुरातत्व विभाग पर बरस पड़ीं. पुरातत्व विभाग की ओर से ममलेश्वर मंदिर में नंदी जी के पास लगाई गई जाली को वास्तु के हिसाब से गलत बताते हुए उन्होंने न सिर्फ नाराजगी जाहिर की, बल्कि उसे हटा भी दिया. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरातत्व विभाग चाहे तो उन पर एफआईआर करा



दे, वह जेल जाने को तैयार हैं. पूर्व मुख्यमंत्री ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए पहुंची थीं. इस दौरान जाली में कैद नंदी प्रतिमा को लेकर अफसरों पर भड़क गईं. उन्होंने पुरातत्व विभाग के स्थानीय कर्मचारियों से कहा कि हजारों वर्ष पहले विद्वानों ने वास्तु के अनुसार मंदिरों का निर्माण किया था. आज ऐसे विद्वानों को चुनौती देकर धरोहरों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है.

संजय पांडे के खिलाफ आरोप पत्र दायर

■ **दिल्ली,** एजेंसियां. सीबीआई ने शेयर बाजार के अधिकारियों के कथित फोन टैपिंग मामले में मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडे और एनएसई की पूर्व सीईओ चित्रा रामकृष्ण तथा एक्सचेंज के अन्य शीर्ष अधिकारियों के खि ला फ आरोपपत्र दायर कर दिया है. एजेंसी ने यहां एक विशेष अदालत के समक्ष दायर आरोपपत्र में आरोप लगाया है कि एनएसई ने साइबर भेद्यता अध्ययन के नाम पर एक्सचेंज के कर्मियों के फोन अवैध रूप से टैप करने के लिए



आठ साल में आईएसईसी सर्विसेज प्राइवेट को 4.54 करोड़ रुपये (लगभग) का भुगतान किया था, जहां पांडे निदेशक थे. यह आरोप लगाया गया था कि एनएसई में व्यक्तिगत कॉल लाइन की अनधिकृत रिकॉर्डिंग और निगरानी 1997 में तब शुरू हुई जब एनएसई के तत्कालीन एमडी (रवि नारायण) और तत्कालीन डीएमडी/एमडी (रामकृष्ण) ने एनएसई कर्मचारियों की कॉल लाइन को एक निजी कंपनी द्वारा प्रदान किए गए डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर से जोड़ा. एजेंसी ने पांडे, आरोपी कंपनी के दो पूर्व अधिकारियों, प्रबंध निदेशक रवि नारायण सहित अन्य का नाम लिया है.

मध्य रेल

सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के पद के लिए वॉक इन इंटरव्यू

भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मेमोरियल अस्पताल, मध्य रेल, भायखला, मुंबई - 400 027 में **सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के पद के लिए वॉक इन इंटरव्यू 10/01/2023 को होगा. दस्तावेजों का सत्यापन सुबह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक किया जाएगा वॉक-इन-इंटरव्यू दोपहर 12 बजे से शुरु होगा.**

सं.	विभाग					रिक्ति	कुल
1	मेडिकल ऑन्कोलॉजी	-	-	-	-	1	1
	विभाग	**यूआर**	**एससी**	**एसटी**	**ओबीसी**	**ईडब्ल्यूएस**	
2	जनरल शल्य चिकित्सा	-	-	-	1	-	1
3	ईएनटी	0	1 (पोस्ट 1 अप्रैल 2023 से होगी)	0	0	0	1
4	हड्डी	0	0	0	1 (पोस्ट 1 फरवरी 2023 से होगी)	0	1
	कुल						**4**

पूर्ण विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाईट पर लॉग इन करें website: **"www.cr.indianrailways.gov.in > News & Recruitment > Recruitment > Notification > Engagement of Senior Resident."**

सख्याः **BY.HE.Sr.Resident/Adv-2022 दिनांक 19/12/2022**

रेलमदद हेल्पलाईन 139

733

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA

सेबी भवन–II, सी–7, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र–400051

चूककर्ता (जिनका पता नहीं लगाया जा सका) के विवरण का प्रकाशन

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के वसूली अधिकारी ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 222 के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 की धारा 28क (28ए) के तहत निम्नलिखित चूककर्ताओं के खिलाफ वसूली प्रमाणपत्र जारी किया था। हालाँकि, माँग नोटिस चूककर्ताओं को सारणी में उल्लिखित उनके अंतिम ज्ञात पते पर सेवा नहीं की जा सकीं :

क्र. सं.	चूककर्ता(ओं) का नाम	पैन / सीआईएन	चूककर्ता(ओं) का अंतिम ज्ञात पता	वूसली प्रमाणपत्र संख्या	मांग सूचना की तिथि
1	राजकुमार चौनराई बसंतानी	AESPB2834F	पता 1: 7, कॉसमॉस कमर्शियल सेंटर, दूसरी मंजिल, तीसरी सड़क, खार पश्चिम, मुंबई–400052 पता 2: 301, पैसिफ़िक एन्क्लेव, 15वीं रोड, खार (पश्चिम), मुंबई–400052 पता 3: 701, पिंकी पैनोरमा, 6 खार रोड, मुंबई– 400052	4566	23.03.2022
2	रुसोडे एंड कंपनी लिमिटेड	U99999MH1985PLC035515	पता 1: 12, शीतल सदन, चौथी मंजिल, 75, पेरिन, नरीमन स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई – 400001 पता 2: 405, एम्बेसी सेंटर, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021	4603	05.04.2022
3	यूनाइटेड डायग्नोस्टिक इंटरनेशनल लिमिटेड	U99999MH1981PTC024114	310, डॉक्टर हाउस, 14 – पेडतरु रोड, मुंबई – 400026	4612	06.04.2022
4	प्राइम पेट्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड	U24242UP1983PLC006326	पता 1: 505, स्वस्तिक चौम्बर्स, कस्ट रोड, चेम्बूर, मुंबई – 400071 पता 2: विलेज गुग्गौर, कुर्सी रोड, तहसील फतेहपुर, बारबंकी, उत्तर प्रदेश	4625	07.04.2022
5	पीसीआई केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड	U99999MH1978PLC020235	125, अरुण चेम्बर्स, पी एम एम मालवीय रोड, तारदेव, मुंबई – 400034	4626	07.04.2022
6	शक्ति रोड्स एंड वायर्स लिमिटेड	U9999MH1991PLC062176	सी/ओ सनफ्लो मेटल्स लिमिटेड, श्रीजी विहार बिल्डिंग नंबर 2, एसवी रोड, टेलीफोन एक्सचेंज के सामने, कांदिवली वेस्ट, मुंबई–400067	5230	28.07.2022
7	अमर अधव	AISPR2737D	पता 1: सरोज हीरालाल बिल्डिंग, कोलडोंगरी गली नंबर 1, सहार रोड, अंधेरी पूर्व, मुंबई – 400069 पता 2: सिद्धिसाई प्रसाद, 7/बी रूम नंबर 107, एन.एस.फड़के रोड, साईं वाडी, अंधेरी ईस्ट, मुंबई – 400069	5493	29.08.2022

उपरोक्त चूककर्ता (चूककर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि वे **8 जनवरी, 2023** तक ऊपर दिए गए पते पर पत्र भेजकर या **recoveryho1@sebi.gov.in** पर ईमेल भेजकर वसूली अधिकारी से संपर्क करें। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति को यह जानकारी हो कि ऊपर उल्लिखित चूककर्ता (चूककर्ताओं) कहाँ है तो वे इस संबंध में जानकारी **8 जनवरी, 2023** तक ऊपर दिए गए पते पर पत्र भेजकर या **recoveryho1@sebi.gov.in** पर ईमेल भेजकर वसूली अधिकारी को प्रदान कर सकते हैं।

तिथि: 24.12.2022
स्थान: मुंबई

सृष्टी आंबोकर
(वसूली अधिकारी)

कांग्रेस में 'घर वापसी' शुरू

4 नेताओं ने आजाद की DAP छोड़ी, जाएंगे पुरानी पार्टी में

■ **दिल्ली,** एजेंसियां. जम्मू-कश्मीर के दिग्गज नेता व पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस से 4 दशक पुराना नाता तोड़कर डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) पार्टी बनाई. जम्मू-कश्मीर की राजनीतिक जमीन पर अभी पार्टी उतरी भी नहीं कि एक के बाद एक नेता साथ छोड़ते जा रहे हैं. पिछले 2 दिनों में 4 बड़े नेता आजाद की



पार्टी से अलग हो गए. माना जा रहा है कि डीएपी से अलग हुए नेता एक बार फिर से कांग्रेस में घर वापसी कर सकते हैं. आजाद की पार्टी बने अभी 3 महीने ही हुए हैं लेकिन पार्टी के अंदर जबरदस्त उठापटक शुरू हो गई है. जय सिंह ने डीएपी के प्रदेश सचिव बनने के 24 घंटे के भीतर पार्टी से इस्तीफा दे दिया. इसके बाद 3 बड़े नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है. आजाद ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पूर्व उपमुख्यमंत्री ताराचंद, पूर्व मंत्री डॉ. मनोहर लाल और पूर्व विधायक बलवान सिंह को बाहर का रास्ता दिखाया है. जम्मू-कश्मीर की सियासत में ताराचंद, डॉ. मनोहर लाल और बलवान सिंह दिग्गज नेता माने जाते हैं. ये तीनों ही नेता कांग्रेस छोड़कर आजाद की पार्टी से जुड़े थे. कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा था लेकिन अब 3 महीने में ही तीनों नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है. तीनों ही दिग्गज नेता दोबारा से कांग्रेस में लौट सकते हैं. माना जा रहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जब जम्मू-कश्मीर पहुंचेगी तो उसी समय तीनों नेताओं की घर वापसी कराई जा सकती है. आजाद की पार्टी से निष्कासित किए गए पूर्व उपमुख्यमंत्री ताराचंद अपने समर्थकों से कांग्रेस में शामिल होने के लिए विचार-विमर्श कर रहे हैं.

हर शख्स का स्वागत है : विकार रसूल



जम्मू-कश्मीर के कांग्रेस अध्यक्ष विकार रसूल ने कहा कि कांग्रेस में हर शख्स का स्वागत है. ताराचंद, डॉ. मनोहर लाल, बलवान सिंह और जय सिंह कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे हैं और ये चारों नेता जल्दबाजी में कांग्रेस से गुलाम नबी आजाद की पार्टी में चले गए थे लेकिन उन्हें चंद दिनों में हकीकत का एहसास हो गया है. इतना ही नहीं वे गुलाम नबी के राजनीतिक एजेंडे को भी समझ चुके हैं कि वे बीजेपी की 'बी' टीम के सिवा कुछ नहीं हैं. बीजेपी के मकसद के लिए उन्होंने पार्टी बनाई है, इसीलिए एक-एक कर तमाम नेता उनका साथ छोड़ रहे हैं और कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं. गुलाम नबी आजाद का जम्मू-कश्मीर में वही राजनीतिक हश्र होगा जो पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह का हुआ है. पिछले एक महीने में दर्जनों छोटे-बड़े नेता गुलाम नबी की पार्टी छोड़कर कांग्रेस में आए हैं. ताराचंद, डॉ. मनोहर लाल, बलवान सिंह और जय सिंह के छोड़ने के बाद उनकी पार्टी में कोई नहीं बचा है. ये सभी नेता अगर कांग्रेस में आते हैं तो उनका खुले दिल से स्वागत करेंगे. जम्मू रीजन में इन चारों ही नेताओं की अपनी सियासी हैसियत है और उनके आने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी.

प्रेस की आवाज दबा रही 'आप'

पंजाब में BJP समेत विपक्षी दलों ने घेरा

चंडीगढ़. पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार पर प्रेस की आजादी छीनने के आरोप लगे हैं. भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के नेताओं ने राज्य में प्रेस की आवाज को दबाने के लिए 'आप' सरकार पर निशाना साधा. साथ ही राज्यपाल से मामले



में ध्यान देने की अपील की गई है. विपक्षी दलों ने सरकार की आलोचना करने वाले प्रिंट और ब्राडकास्ट मीडिया के विज्ञापन रोकने और पक्षपात के आरोप लगाए. पंजाब के राज्यपाल को लिखे पत्र में भाजपा नेता सुनील जाखड़ ने कहा कि पंजाब सरकार की बात नहीं मानने वाले प्रेस और मीडिया संस्थानों को दंड देना जारी है. इसके अलावा उन्होंने प्रिंट मीडिया के मौजूदा हाल का भी जिक्र किया.

उन्होंने कहा कि इसका एक और गंभीर पहलू इसकी टाइमिंग है क्योंकि पारंपरिक मीडिया पहले ही ऑनलाइन मीडिया इंडस्ट्री के बढ़ने से मुश्किलों का सामना कर रहा है. आर्थिक कमजोरी की स्थिति का फायदा उठाकर मीडिया को सरकार के आगे झुकने के लिए कहा जा रहा है. शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि ये सभी आदेश दिल्ली से आते हैं.

समाजवादी-गांधीवादी होने का ढोंग करते हैं नीतीश





बिहार के CM पर PK का अटैक

■ **पटना,** एजेंसियां. बिहार में शराबबंदी पूरी तरह असफल है. चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने ये टिप्पणी की है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाजवादी और गांधीवादी होने का ढोंग करते हैं. अपनी जन सुराज पदयात्रा पर शिवहर पहुंचे प्रशांत ने कहा कि पदयात्रा के दौरान हमने देखा कि लोग गांव में आसानी से शराब पी रहे हैं. उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के इर्द-गिर्द रहने वाले लोग ही शराब पीते हैं.

नीतीश के मंत्री-MLA छपरा क्यों नहीं जा रहे? प्रशांत किशोर ने आरोप लगाते हुए कहा कि नीतीश के मंत्री और अधिकारी खुद शराब पीते हैं. इसमें कोई नई बात नहीं है. उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जब कोई शराब नहीं पी रहा तो छपरा में 70 लोगों की मौत कैसे हुई. यहां तक नीतीश के मंत्री-विधायक मृतकों के परिजनों से मिलने तक नहीं जा रहे हैं. किशोर ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की टिप्पणी 'इनका बस चले तो देश को बिहार ही बना दें' पर भी पलटवार किया. हालांकि मंत्री ने बाद में अपना बयान वापस ले लिया था. बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पीके ने कहा कि आज बिहारी शब्द गाली जैसा हो गया है.

सुविधानुसार महात्मा गांधी का इस्तेमाल

पीके ने महात्मा गांधी का नाम लेकर नीतीश पर सियासी हमला बोला. उन्होंने सवाल किया कि नीतीश कुमार अगर आप गांधीजी को जरा भी जानते हैं तो दिखा दीजिए जहां महात्मा गांधी ने राज्य में शराबबंदी लागू करने को लेकर बात कही हो. पीके ने कहा कि नीतीश कुमार अपनी सुविधा के अनुसार गांधीजी का इस्तेमाल करते हैं. कभी असुविधा होती है तो बीजेपी के साथ बैठ जाते हैं, अगले दिन समाजवादी बनकर फिर लालू प्रसाद के साथ बैठ जाते हैं. नीतीश समाजवाद का ढोंग करके अब शराबबंदी लागू कर गांधीवादी बनने की कोशिश कर रहे हैं.

मुआवजे की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन



दूसरी ओर, बिहार में जहरीली शराब कांड में मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजा देने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा के सांसदों ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया. बिहार सरकार ने सारण जहरीली शराब त्रासदी में 38 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है. हालांकि इस आंकड़े को भाजपा ने चुनौती दी है. भाजपा का दावा है कि इस त्रासदी में 100 से अधिक लोगों की मौत हुई है. भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि हम जहरीली शराब त्रासदी में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं.

QUICK NEWS

किसान हित में बड़े फैसले ले रही राज्य सरकार : गहलोत

भरतपुर. राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में अहम फैसले ले रही है और



किसानों को समर्पित योजनाएं चलाई रही हैं. गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन योजनाओं से राजस्थान के किसानों को आर्थिक संबल मिलने के साथ ही उनका जीवन खुशहाल हुआ है. किसान प्रदेश की आर्थिक नीति की एक अहम कड़ी हैं.

कुलाधिपति के पद से नहीं हटाने पुनर्विचार अपील



तिरुवनंतपुरम. आरएसएस से जुड़े दक्षिणपंथी संगठन ने केरल सरकार से राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को राज्य में विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के पद से हटाने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय एवं यूजीसी से भी इस मामले में दखल देने को कहा है.

हिमाचल BJP में नेता प्रतिपक्ष की दौड़

जयराम, सत्ती और परमार रेस में

■ **शिमला,** एजेंसियां. हिमाचल प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष का चयन करने के लिए भाजपा ने 25 दिसम्बर को विधायक दल की बैठक बुलाई है. यह बैठक शिमला में होगी. इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, पूर्व प्रदेश



भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय, प्रदेश भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना और सह प्रभारी संजय टंडन के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और भाजपा के निर्वाचित विधायक भाग लेंगे. इस समय नेता प्रतिपक्ष के लिए पूर्व भाजपा अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार का नाम लिया जा रहा है. भाजपा विधायक दल बैठक की तिथि को तय करने का निर्णय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप की अध्यक्षता में हुई वर्चुअल बैठक में लिया गया. बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों ने भाग लिया. भाजपा नेताओं ने बैठक में कांग्रेस सरकार की ओर से पूर्व सरकार के समय खोले गए संस्थान बंद करने का विरोध किया और कहा कि इसको लेकर पार्टी मंडल स्तर पर विरोध करेगी.

कांग्रेस की जीत से डरी भाजपा : रॉबर्ट



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति राबर्ट वाड्रा को जमीन खरीद से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में बड़ा झटका लगा. हाई कोर्ट ने केस खत्म करने की याचिका को खारिज कर दिया है. कोर्ट के आदेश के बाद वाड्रा ने सरकार पर निशाना साधा और इसे राजनीति से प्रेरित बताया. उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और हिमाचल में कांग्रेस की जीत से सरकार डर गई है. राजनीतिक शिकार का एक और प्रयास किया जा रहा है. सरकार ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है क्योंकि भारत जोड़ो यात्रा, हिमाचल में जीत, दूसरे राज्यों समेत पूरे देश में बेहतर संभावना को देखते हुए सरकार डर गई है.

सिद्दीकी पर भड़की भाजपा

पाक चले जाओ, भारत का माहौल खराब होने का दिया था बयान

■ **दिल्ली,** एजेंसियां. बिहार की सत्ताधारी पार्टी आरजेडी के नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी अपने एक बयान



को लेकर घिर गए हैं. उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि मैं तो अपने बच्चों से कहता हूं कि यहां का माहौल ठीक नहीं है. तुम लोग रह नहीं पाओगे, इसलिए विदेश में ही बस जाओ. वहीं की नागरिकता ले लो. इस पर भाजपा ने उन पर तीखा हमला बोला और उन्हें पाकिस्तान में जाकर बसने की सलाह दी. बिहार भाजपा के प्रवक्ता निखिल आनंद ने कहा कि सिद्दीकी का बयान भारत विरोधी है. यदि वे यहां डरा महसूस करते हैं तो फिर भारत में मिलने वाली सुविधाएं छोड़ें और पाकिस्तान चले जाएं. उन्हें कोई रोकेगा नहीं. निखिल आनंद ने कहा कि सिद्दीकी लालू प्रसाद यादव के करीबी हैं. उनके बयान से आरजेडी की संस्कृति और मुस्लिमों की तुष्टिकरण की नीति का पता चलता है.

... तो दूर नहीं होगी नफरत



दूसरी ओर, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने आरजेडी नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी के बयान पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि देश जरूर मुश्किल से गुजर रहा है, नफरतें बढ़ गई हैं लेकिन देश छोड़ने से नफरतें दूर नहीं होंगी. देश में रहकर आपको इस आग को खत्म करना है. सभी लोग खराब नहीं हैं, अच्छे लोगों की भी बहुत बड़ी संख्या है. फारूक ने कहा कि शाहरुख खान की नई फिल्म 'पठान' में भगवा रंग के कपड़े पहनने पर विवाद छिड़ गया. क्या इसका मतलब यह है कि भगवा हिंदुओं का है और हरा मुसलमानों का? यह क्या है? गाय हिंदुओं की है और बैल मुसलमानों का?

उर्वरक घोटाले में बढ़ीं मुश्किलें

कमलनाथ के भतीजे को कोर्ट ने किया तलब

■ **दिल्ली,** एजेंसियां. दिल्ली की एक अदालत ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भतीजे रतुल पुरी को तलब किया है. पुरी कथित उर्वरक घोटाले और 685 करोड़ रुपये के रिश्वत के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी है. स्पेशल जज विकास ढुल ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए पुरी को तलब किया और 18 जनवरी से पहले कोर्ट में पेश होने को कहा है. न्यायाधीश ने ईडी के विशेष



लोक अभियोजक नीतेश राणा की दलीलों पर गौर करते हुए आदेश पारित किया कि प्रथमदृष्टया इस मामले में पुरी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं. पुरी अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकाप्टर घोटाले और मोज़र बेयर घोटाले से जुड़े मामलों में भी आरोपी है. वह फिलहाल दोनों घोटालों से जुड़े मामलों में जमानत पर है. उर्वरक घोटाले में राजद के राज्यसभा सदस्य अमरेंद्र धारी सिंह और इफ्को के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी यूएस अवस्थी भी शामिल हैं.

2007 से 2014 के बीच का मामला

मामला 2007 से 2014 के बीच अवस्थी, आईपीए के प्रबंधक निदेशक गहलोत और विदेशी आपूर्तिकर्ताओं को रिश्वत के रूप में किए गए 685 करोड़ रुपये से अधिक के भुगतान से संबंधित है. ईडी के अनुसार, इंडियन फॉर्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लिमिटेड (इफ्को) एक बहु-राज्य किसान सहकारी समिति है, जबकि आईपीएल उसकी एक कंपनी है जो उर्वरकों की आपूर्ति करती है. सरकार दरों को किफायती रखने के लिए उसे सब्सिडी प्रदान करती है.

मध्य रेल

खुली निविदा सं: मरेप्र(कार्य)नागपुर - 108-2022 दि. 21/12/2022

(1) कार्य का नाम: (1) येनोर: एडीईएन वरोरा सब-डिवीजन के तहत चार लाइनों के साथ ''सी'' क्लास स्टेशन को ''बी'' क्लास स्टेशन में बदलने का प्रस्ताव. **(2) दिपोरी:** एडीईएन वर्धा सब-डिवीजन के अंतर्गत चार लाइनों के साथ चांदुर और धामनगांव के बीच ''सी'' श्रेणी के स्टेशन को ''बी'' श्रेणी के स्टेशन में बदलने का प्रस्ताव. **(3) (a) धामनगांव:** एडीएन वर्धा सब-डिवीजन के तहत अप लूप लाइन (upto) 750 M सीएसआर (CSR) को पूर्ण लंबाई भार में समायोजित करने विस्तार का प्रस्ताव. **(b) चांदूर:** एडीएन वर्धा सब-डिवीजन के तहत अप लूप लाईन (upto) 750 M सीएसआर (CSR) को पूर्ण लंबाई भार में समायोजित करने विस्तार का प्रस्ताव. **(c) मालखेड:** नागपुर मंडल पर सीनियर डी.ई.एन (सा) नागपूर के अधिकार क्षेत्र के तहत. (ट्रैक भाग). **अनुमानित लागत:** ₹ 3,93,23,394.53. **बयाना राशि:** ₹ 3,46,600/-. **(2) कार्य का नाम:** सीनियर डी.ई.एन (सिटीएल) नागपूर के अधिकार क्षेत्र के तहत नरखेड-चांदूर बाजार खंड में 14 रलवे पुलों के रेल संरचना संपर्क अध्ययन का कार्य करना. **अनुमानित लागत:** ₹ 23,00,000/-. **बयाना राशि:** ₹ 46,000/-. **(3) कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के इन खंडों से संबंधित इटारसी-नरखेड, आमला-परासिया, सेवाग्राम-बल्लारशाह, वर्धा-बडनेरा, माजरी-पिंपलखुटी और लूप लाइन के बीच एटी (AT) वेल्डिंग द्वारा 60/52 किलोग्राम की आपूर्ति, वेल्डिंग और निष्पादन प्रस्तावित है. **अनुमानित लागत:** ₹ 2,16,02,900.45. **बयाना राशि:** ₹ 2,58,000/-. **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 12/01/2023 को 15.00** बजे। विस्तृत जानकारी **www.ireps.gov.in** पर देखें।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) नागपुर

रेलमदद हेल्पलाईन 139

SaiNGP/287

तेलंगाना में दिग्गी ने दिया एकता कायम करने पर जोर



■ **हैदराबाद,** एजेंसियां. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने तेलंगाना में पार्टी नेताओं से कहा कि वे पार्टी मंचों पर अपने विचार रखें और साथ ही आगाह किया कि खुले तौर पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. तेलंगाना में सत्ता विरोधी लहर होने का दावा करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ बीआरएस और भाजपा को हराने के लिए पार्टी नेताओं के बीच एकता की आवश्यकता पर जोर दिया. कुछ वरिष्ठ नेताओं ने दावा किया है कि पार्टी में शामिल होने वालों को 'पार्टी से लंबे समय जुड़े नेताओं व कार्यकर्ताओं' से ज्यादा तरजीह दी जा रही है. उन्होंने कहा कि राजनीति में महत्वाकांक्षा होना स्वाभाविक है और हर व्यक्ति की अपनी महत्वाकांक्षाएं होती हैं.

THE AKOLA JANATA COMMERCIAL CO-OP. BANK LTD; AKOLA (Multi-State Scheduled Bank)

Head Office : " JANVAIBHAV ",
Old Cotton Market, Akola - 444 001 (M.S.)
www.akolajanatabank.com

TENDER NOTICE

Bank has floated tender for various types of new year calendars. Tender is available on our website **www.akolajanatabank. com**. Interested parties may download and apply for the same.

Chief Executive Officer

सैन्य नर्सिंग सेवा में शामिल हों
बीएससी (नर्सिंग) पाठ्यक्रम- 2023
JOIN MILITARY NURSING SERVICE
BSc (NURSING) COURSE-2023

सैन्य नर्सिंग सेवा में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम 2023 के लिए इच्छुक महिला उम्मीदवार का नीट (यूजी) 2023 परीक्षा में सफल होना अनिवार्य है। पात्रता नियम एवं शर्तों की जानकारी रोजगार समाचार में प्रकाशित की जायेगी। यह सूचना इस वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर भी उपलब्ध होगी।

All candidates (Female only) desirous of seeking admission to BSc Nursing course 2023 for MNS have to mandatorily qualify NEET (UG) 2023. The Eligibility, Terms and Conditions will be published in the Employment News in due course of time. The same will also be available on the website www.joinindianarmy.nic.in.

CBC10601/11/0035/2223

UP : बगावत से निपटेगी भाजपा

■ **दिल्ली,** एजेंसियां. उत्तर प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर सभी सियासी दलों ने तैयारी तेज कर रखी है. भाजपा दिल्ली नगर निगम चुनाव और हिमाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में रह गई खामी और उससे उठी बगावत से यूपी में सबक ले रही है. बीजेपी की रणनीति है कि निकाय चुनाव में बगावत रोकने को जिलों में ही कैंडिडेट चयन पर सहमति बनाई जाएगी क्योंकि यूपी में भी पार्टी सत्ता में होने के कारण नगर निगम के मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत के अध्यक्ष और पार्षदों/सभासदों के लिए टिकट चाहने वालों की लंबी कतार रहेगी. टिकट एक को दिया जाएगा, ऐसे में टिकट से वंचित दावेदारों में कुछ बगावत का रास्ता अपना सकते हैं जिससे पार्टी को नुकसान हो सकता है. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी साफ कह चुके हैं कि उनके पास जिस जिले की शिकायत आएगी या टिकट मांगने वाले आएंगे, समझा जाएगा कि उस जिले



का संगठन ठीक काम नहीं कर पा रहा है. प्रदेश संगठन की तरफ से जिलों को संदेश दिया गया है कि दिल्ली नगर निगम चुनाव और हिमाचल प्रदेश में भाजपा नेताओं की बगावत का असर परिणाम में दिखने की पुनरावृत्ति यूपी में नहीं होनी चाहिए.

सपा और बसपा को देगी झटका

भाजपा की नजर निकाय चुनाव में सपा और बसपा से जुड़ाव रखने वाले मुस्लिमों पर है. दरअसल बीजेपी ने मुस्लिमों को साधने की तैयारी कर ली है. बीजेपी के प्लान के मुताबिक यूपी के सभी 17 नगर निगमों में पसमांदा मुसलमानों का सम्मेलन करेगी ताकि पसमांदा मुस्लिम समाज को साथ जोड़ सके. मुस्लिमों की कुल आबादी में 70 फीसदी पसमांदा (पिछड़े) मुस्लिम माने जाते हैं. इसी के साथ इस बार निकाय चुनाव में बीजेपी की रणनीति पसमांदा मुस्लिम समाज के लोगों को उम्मीदवार बनाने की भी है.

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA
सेबी भवन–।।, सी–7, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र–400051

चूककर्ता (जिनका पता नहीं लगाया जा सका) के विवरण का प्रकाशन

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के वसूली अधिकारी ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 222 के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 की धारा 28क (28ए) के तहत निम्नलिखित चूककर्ताओं के खिलाफ वसूली प्रमाणपत्र जारी किया था । हालाँकि, माँग नोटिस चूककर्ताओं को सारणी में उल्लिखित उनके अंतिम ज्ञात पते पर सेवा नहीं की जा सकीं :

क्र. सं.	चूककर्ता(ओं) का नाम	पैन / सीआईएन	चूककर्ता(ओं) का अंतिम ज्ञात पता	वूसली प्रमाणपत्र संख्या	मांग सूचना की तिथि
1	ओरिएंटल औद्योगिक निवेश निगम लिमिटेड	L99999MH1943PLC003977	505–506, मरीन चौंबर, न्यू मरीन लाइन्स, मुंबई – 400020	4265	16.11.2021
2	प्रमाण कैपिटल मार्केट सर्विसेज लिमिटेड	U99999MH1994PLC080012	पता 1: वर्धमान कॉम्प्लेक्स, 110, ओल्ड आगरा रोड, ठाणे वेस्ट–400601 पता 2: 6, बेसमेंट, गणेश टावर्स, दादा पाटिल रोड, ठाणे वेस्ट–400602	4266	16.11.2021
3	डाटाबेस फाइनेंस लिमिटेड	AAACD2954M	पता 1: 19 / बी नोबल चेम्बर्स, एस.ए. बरेलवी रोड, फोर्ट, मुंबई–400001 पता 2: सी–27, एवरशाइन शॉपिंग सेंटर जेपी रोड, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई – 400053 पता 3: वत्स हाउस, जन्मभूमि मार्ग, किला, मुंबई – 400001	4387	17.12.2021
4	रोडल सर्काप्रिंट इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	U99999MH1986PLC039661	कामनवाला चौंबर, दूसरी मंजिल, सर पीएम रोड, फोर्ट, मुंबई–400001	4411	28.12.2021
5	रत्ना ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड	U24100MH1987PTC043885	ई–219 सागर अपार्टमेंट, फादर. पीटर पी मार्ग, सोनारपुर लेन, कुर्ला, मुंबई – 400070	4615	06.04.2022
6	हाईलैंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड	U99999MH1985PLC036897	जे 103, सुमेर नगर, बिल्डिंग नंबर 2, एस वी रोड, कोरकेंद्र, बोरीवली वेस्ट, मुंबई – 400092	4616	06.04.2022
7	वायरल सिंटेक्स लिमिटेड (अब वीएसएल इंफोटेनमेंट लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)	U17100MH1985PLC037478	1–2 अभिषेक, एस.वी. रोड, इरला ब्रिज, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई – 400103	4633	07.04.2022
8	भगवती कॉटन्स लिमिटेड	L17110MH1995PLC093603	20, राजा बहादुर हवेली, अंबालाल दोषी मार्ग, फोर्ट, मुंबई – 400023	5479	26.08.2022

उपरोक्त चूककर्ता (चूककर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि वे **8 जनवरी, 2023** तक ऊपर दिए गए पते पर पत्र भेजकर या **recoveryho1@sebi.gov.in** पर ईमेल भेजकर वसूली अधिकारी से संपर्क करें। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति को यह जानकारी हो कि ऊपर उल्लिखित चूककर्ता (चूककर्ताओं) कहाँ है तो वे इस संबंध में जानकारी **8 जनवरी, 2023** तक ऊपर दिए गए पते पर पत्र भेजकर या **recoveryho1@sebi.gov.in** पर ईमेल भेजकर वसूली अधिकारी को प्रदान कर सकते हैं।

तिथि: 24.12.2022
स्थान: मुंबई

सृष्टी आंबोकर
(वसूली अधिकारी)

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA
सेबी भवन–।।, सी–7, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र–400051

चूककर्ता (जिनका पता नहीं लगाया जा सका) के विवरण का प्रकाशन

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के वसूली अधिकारी ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 222 के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 की धारा 28क (28ए) के तहत निम्नलिखित चूककर्ताओं के खिलाफ वसूली प्रमाणपत्र जारी किया था। हालाँकि, माँग नोटिस चूककर्ताओं को सारणी में उल्लिखित उनके अंतिम ज्ञात पते पर सेवा नहीं की जा सकीं :

क्र. सं.	चूककर्ता(ओं) का नाम	पैन / सीआईएन	चूककर्ता(ओं) का अंतिम ज्ञात पता	वूसली प्रमाणपत्र संख्या	मांग सूचना की तिथि
1	राजकुमार चौनराई बसंतानी	AESPB2834F	पता 1: 7, कॉसमॉस कमर्शियल सेंटर, दूसरी मंजिल, तीसरी सड़क, खार पश्चिम, मुंबई–400052 पता 2: 301, पैसिफिक एन्क्लेव, 15वीं रोड, खार (पश्चिम), मुंबई–400052 पता 3: 701, पिंकी पैनोरमा, 6 खार रोड, मुंबई– 400052	4566	23.03.2022
2	रुसोडे एंड कंपनी लिमिटेड	U99999MH1985PLC035515	पता 1: 12, शीतल सदन, चौथी मंजिल, 75, पेरिन, नरीमन स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई – 400001 पता 2: 405, एम्बेसी सेंटर, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021	4603	05.04.2022
3	यूनाइटेड डायग्नोस्टिक इंटरनेशनल लिमिटेड	U99999MH1981PTC024114	310, डॉक्टर हाउस, 14 – पेडतरु रोड, मुंबई – 400026	4612	06.04.2022
4	प्राइम पेट्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड	U24242UP1983PLC006326	पता 1: 505, स्वस्तिक चौम्बर्स, कस्ट रोड, चेम्बूर, मुंबई – 400071 पता 2: विलेज गुग्गौर, कुर्सी रोड, तहसील फतेहपुर, बारबंकी, उत्तर प्रदेश	4625	07.04.2022
5	पीसीआई केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड	U99999MH1978PLC020235	125, अरुण चेम्बर्स, पी एम एम मालवीय रोड, तारदेव, मुंबई – 400034	4626	07.04.2022
6	शक्ति रोड्स एंड वायर्स लिमिटेड	U9999MH1991PLC062176	सी / ओ सनफ्लो मेटल्स लिमिटेड, श्रीजी विहार बिल्डिंग नंबर 2, एसवी रोड, टेलीफोन एक्सचेंज के सामने, कांदिवली वेस्ट, मुंबई–400067	5230	28.07.2022
7	अमर अधव	AISPR2737D	पता 1: सरोज हीरालाल बिल्डिंग, कोलडोंगरी गली नंबर 1, सहार रोड, अंधेरी पूर्व, मुंबई – 400069 पता 2: सिद्धिसाई प्रसाद, 7 / बी रूम नंबर 107, एन.एस.फड़के रोड, साईं वाडी, अंधेरी ईस्ट, मुंबई – 400069	5493	29.08.2022

उपरोक्त चूककर्ता (चूककर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि वे **8 जनवरी, 2023** तक ऊपर दिए गए पते पर पत्र भेजकर या **recoveryho1@sebi.gov.in** पर ईमेल भेजकर वसूली अधिकारी से संपर्क करें। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति को यह जानकारी हो कि ऊपर उल्लिखित चूककर्ता (चूककर्ताओं) कहाँ है तो वे इस संबंध में जानकारी **8 जनवरी, 2023** तक ऊपर दिए गए पते पर पत्र भेजकर या **recoveryho1@sebi.gov.in** पर ईमेल भेजकर वसूली अधिकारी को प्रदान कर सकते हैं।

तिथि: 24.12.2022
स्थान: मुंबई

सृष्टी आंबोकर
(वसूली अधिकारी)

एक नजर में

पेट्रोल में एथनाल का 20 प्रतिशत मिश्रण जल्द : पुरी

नई दिल्ली: इंडिया एनर्जी वीक 2023 से पहले एक जनजागरुकता कार्यक्रम में शुक्रवार को केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत ने पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथनाल मिश्रण के लक्ष्य को समय से पहले इसी वर्ष जून में हासिल कर लिया था। इस लक्ष्य को हासिल करने की समयसीमा नवंबर 2022 थी। उन्होंने कहा कि अब 20 प्रतिशत एथनाल मिश्रण वाला पेट्रोल कुछ बाजारों में एक-दो दिन में आ जाएगा। (प्रेट्र)

विदेशी मुद्रा भंडार में 57 करोड़ डालर की कमी

मुंबई, प्रेट्र: देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 16 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 57.1 करोड़ डालर की गिरावट रही है। आरबीआइ के अनुसार, अब विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 563.499 अरब डालर रह गया है। लगातार पांच सप्ताह तक वृद्धि के बाद इसमें गिरावट आई है। बीते सप्ताह विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 50 करोड़ डालर घटकर 499.624 अरब डालर रह गई हैं। स्वर्ण भंडार 15 अरब डालर घटकर 40.570 अरब डालर रह गया है। (प्रेट्र)

एनसीएलएटी पहुंची गूगल सीसीआइ के खिलाफ अपील

नई दिल्ली: गूगल ने एंड्रायड मोबाइल उपकरण इकोसिस्टम के मामले में अनुचित व्यापार व्यवहार के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) के आदेश के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में अपील की है। आयोग ने एंड्रायड मोबाइल उपकरणों के मामले में अपने दबदबे की स्थिति का फायदा उठाने पर 1,337.76 करोड़ का जुर्माना लगाया था। (प्रेट्र)

अदाणी समूह को अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे राय दंपति

नई दिल्ली: एनडीटीवी के संस्थापक प्रणय राय और उनकी पत्नी राधिका राय टीवी चैनल नेटवर्क में अपनी शेष 32.26 प्रतिशत हिस्सेदारी में से 27.26 प्रतिशत अदाणी समूह को बेचने को राजी हो गए हैं। इसके बाद अदाणी एनडीटीवी का सबसे बड़ा शेयरधारक बन जाएगा। फिलहाल अदाणी समूह की सब्सिडियरी एएमजी मीडिया नेटवर्क की एनडीटीवी में 37.44 प्रतिशत हिस्सेदारी है। (प्रेट्र)

रुपये में विदेशी कारोबार पर रहेगा जोर

आरबीआइ ने रूस, श्रीलंका व मारीशस के 25 बैंकों को रुपये में कारोबार करने की दी अनुमति

जयप्रकाश रंजन ● नई दिल्ली

जुलाई, 2022 में आरबीआइ की तरफ से रुपये में अंतरराष्ट्रीय कारोबार करने की अनुमति मिलने के बाद से इस बारे में धीरे-धीरे कदम बढ़ने शुरू हो गए हैं। एक तरफ जहां भारत सरकार कम से कम डेढ़ दर्जन देशों के साथ रुपये में कारोबार की सहूलियत देने की बातचीत शुरू कर चुकी है। आरबीआइ ने अभी तक तीन देशों (रूस, श्रीलंका और मारीशस) के कम से कम 25 बैंकों को भारतीय बैंकों के साथ रुपये में कारोबार के लिए विशेष खाता खोलने की इजाजत दे दी है। अब सूचना है कि वित्त मंत्रालय भी आगामी बजट के जरिये कुछ ऐसी घोषणाएं करने पर विचार कर रहा है, जिससे भारतीय कारोबारियों के लिए विदेश से स्थानीय मुद्रा में आयात-निर्यात करने की राह आसान हो। इस बारे में दूसरे मंत्रालयों से भी मशविरा मांगा गया है।

इस बारे में सरकार के स्तर पर हो रहे विमर्श में शामिल एक अधिकारी के मुताबिक रुपये के कारोबार को अपनाने की राह में एक बड़ी अड़चन यह है कि कारोबारियों को रुपये की कीमत में उतार-चढ़ाव से होने वाले घाटे से भरपाई का कोई तरीका नहीं है। दूसरी तरफ जब डालर में कारोबार होता है तो उसकी कीमत में होने वाले उतार-चढ़ाव से होने वाले नुकसान के भरपाई की वित्तीय व्यवस्था उपलब्ध है। इस वजह से निर्यातक समुदाय के एक वर्ग का कहना है कि रुपये में कारोबार करने की लागत डालर के मुकाबले कुछ ज्यादा आएगी। चूंकि भारतीय रुपये में कारोबार करने को लेकर जिन देशों ने रुचि दिखाई है, उन देशों की स्थानीय मुद्राओं की स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत अच्छी नहीं है। इस वजह से भी भारतीय कारोबारी कुछ वित्तीय सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। इससे बचाव का क्या तरीका हो सकता है, इस पर विमर्श किया जा रहा है।



- वित्त मंत्रालय ने कारोबार में सहूलियत के लिए दूसरे मंत्रालयों से मांगी राय
- रुपये में उतार-चढ़ाव से होने वाले घाटे की भरपाई नहीं होना बड़ी दिक्कत

कई देशों के साथ चल रही बातचीत

वाणिज्य मंत्रालय और विदेश मंत्रालय की अगुआई में रूस, श्रीलंका, मारीशस के अलावा यूएई, नाइजीरिया, सऊदी अरब, मिस्र, सूडान, मलावी, इथियोपिया के साथ रुपये में कारोबार करने को लेकर वहां की सरकारों के साथ बातचीत हुई है। एक दिन पहले वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी के बीच रुपये और टका में ट्रेड करने पर गंभीर चर्चा हुई है।

> रुपये में अंतरराष्ट्रीय कारोबार करने के लिए एक मैकेनिज्म की जरूरत थी, जिसे आरबीआइ की तरफ से दिया जा चुका है। अब यह निर्यातक समुदाय पर है कि वह इसके आधार पर विदेश से सौदे करें।
>
> **-अजय सहाय**, सीईओ और महानिदेशक, फियो

राजकोषीय प्रबंधन पर आएगा नया रोडमैप

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: वैश्विक अस्थिरता के बावजूद चालू वित्त वर्ष के दौरान वित्त मंत्रालय अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य 6.4 प्रतिशत को हासिल करने की स्थिति में है। सरकार के इस राजकोषीय प्रबंधन की तारीफ आरबीआइ ने भी अपनी एक नई रिपोर्ट में की है। हालांकि अब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण राजकोषीय प्रबंधन के नए रोडमैप को अंतिम रूप देने में जुटी है, जिसकी घोषणा आगामी बजट में की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य अगले पांच वर्षों के भीतर राजकोषीय घाटे को क्रमवार तरीके से घटाते हुए 3.5 प्रतिशत पर लाना होगा। देश के प्रमुख उद्योग संगठन और अर्थशास्त्री भी इसकी जरूरत वित्त मंत्री सीतारमण के साथ बजट पूर्व बैठकों में बता चुके हैं।

उद्योग संगठन सीआइआइ ने सरकार को जो बजट पूर्व सुझाव पत्र दिया है उसमें आग्रह किया है कि मौजूदा वित्त वित्त वर्ष में 6.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे को वर्ष 2025-26 तक घटाकर 4.5 प्रतिशत पर लाने का रोडमैप लाया जाना चाहिए। जबकि वित्त मंत्री के साथ बजट पूर्व बैठक में कुछ अर्थविदों ने राजकोषीय घाटे को पांच वर्षों के दौरान धीरे-धीरे घटाते हुए 3.5 प्रतिशत पर लाने का सुझाव दिया था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत सरकार का राजकोषीय घाटा साल के लिए निर्धारित लक्ष्य का 37.3 प्रतिशत रहा है। जबकि राज्यों का संयुक्त तौर पर राजकोषीय घाटा 29 प्रतिशत है। पिछले नौ वर्षों में राजकोषीय घाटे को काबू में करने के मामले में यह राज्यों का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। आरबीआइ की तरफ से जारी नई रिपोर्ट में केंद्र व राज्य के राजकोषीय घाटे की स्थिति को संतोषजनक बताया गया है। जिस तरह से कोरोना महामारी और यूक्रेन-रूस युद्ध के असर के बावजूद घाटे को बढ़ने नहीं दिया गया है उसकी तारीफ की है। आरबीआइ ने कहा है कि केंद्र सरकार को राजकोषीय संतुलन की प्रक्रिया को जारी रखनी चाहिए।



- अगले पांच वर्षों में राजकोषीय घाटे को क्रमवार घटाकर 3.5 प्रतिशत पर लाना होगा
- आरबीआइ ने भी अपनी नई रिपोर्ट में सरकार के राजकोषीय प्रबंधन की तारीफ की

देश को फिर से राजकोषीय संतुलन के मार्ग पर लाएं वित्तमंत्री : पानगढ़िया




नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पानगढ़िया ने दैनिक जागरण को दिए गए एक साक्षात्कार में बताया कि बजट 2023-24 में देश को फिर से राजकोषीय संतुलन के मार्ग पर लाना वित्त मंत्री की एक अहम प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे देशी-विदेशी निवेशकों को एक बड़ा संदेश जाएगा कि भारत एक बड़ी चुनौती से सफलतापूर्वक पार पाते हुए अब अपने राजकोषीय स्थिति को भी बेहतर बनाने में सक्षम है। चालू वित्त वर्ष के दौरान जिस तरह से सरकार का राजस्व बढ़ा है, उसको देखते हुए भी यह संभव दिखता है। हालांकि, पानगढ़िया ने अपनी तरफ से समयसीमा को लेकर कोई सुझाव नहीं दिया है।

कोरोना का कहर, सेंसेक्स 981 अंक लुढ़का

मुंबई, प्रेट्र: चीन समेत कई देशों में कोरोना के मामले बढ़ने और वैश्विक अनिश्चितता के चलते घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 981 अंक की गिरावट के साथ 60 हजार के स्तर से नीचे गिरते हुए 59,845.29 अंक बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 18 हजार के स्तर से नीचे पहुंचते हुए 320.55 अंक लुढ़क 17,806.80 पर बंद हुआ।

बीएसई के डाटा के अनुसार, बीते चार दिनों में सेंसेक्स 1,961 अंक लुढ़क चुका है और यह करीब दो महीने बाद फिर से 60 हजार के स्तर से नीचे आ गया है। इस गिरावट से बीएसई के निवेशकों की संपत्ति में बीते चार दिनों में 15.78 लाख करोड़ रुपये की कमी आई है। अब बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,72,12,860.03 करोड़ रुपये रह गया है। शुक्रवार को सेंसेक्स में टाइटन को छोड़कर सभी शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।



आर्थिक वृद्धि अत्यंत नाजुक दौर में : एमपीसी सदस्य

नई दिल्ली, प्रेट्र: आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा का मानना है कि भारत की आर्थिक वृद्धि 'अत्यंत नाजुक' दौर में है और इसे अभी पूरा समर्थन देने की जरूरत है। वर्मा ने कहा कि निजी खपत और पूंजी निवेश ने अब तक रफ्तार नहीं पकड़ी है, ऐसे में अर्थव्यवस्था की आर्थिक वृद्धि कमजोर बनी हुई है। हालांकि उन्होंने भरोसा जताया कि दुनिया के अन्य देशों की तरह भारत के सामने मंदी का जोखिम नहीं है। आइआइएम अहमदाबाद के प्रोफेसर वर्मा ने कहा अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में चार इंजन काम करते हैं। इनमें से दो इंजन निर्यात और सरकार के खर्च ने महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मदद की। अब अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दो अन्य इंजनों को निभानी होगी।

अनैतिक तरीकों से बीमा उत्पाद बेचने से बचें बैंक

नई दिल्ली, प्रेट्र: वित्त मंत्रालय ने बैंकों प्रमुखों से ग्राहकों को अनैतिक तरीके से बीमा उत्पाद बेचने पर रोक लगाने को कहा है। मंत्रालय ने इस संबंध में एक मजबूत तंत्र स्थापित करने का निर्देश दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरमैन और प्रबंध निदेशकों को लिखे पत्र में कहा गया है कि वित्तीय सेवा विभाग को शिकायतें मिली हैं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों को पालिसी बेचने के लिए अनैतिक तरीके अपना रहे हैं। इस संबंध में विभाग ने पहले ही एक परिपत्र जारी किया है।

अगले वर्ष आर्थिक दृष्टिकोण जटिल रहेगा : वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, प्रेट्र: वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर हो रहे आर्थिक घटनाक्रमों के चलते अगले वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए दृष्टिकोण और जटिल होने की उम्मीद है। ऐसी स्थिति में बाहरी मोर्चे पर सतर्कता बनाए रखने की आवश्यकता है। मंत्रालय की ओर से नवंबर के लिए जारी मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार बाहरी क्षेत्र लगातार वैश्विक मंदी से पैदा हुई प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रहा है।

HP Crop Diversification Promotion Project (Phase II), JICA-ODA
District Project Management Unit
Village Kailer, P.O Saproon Distt. Solan (H.P.)173211
(Tel-Fax: +91- 01792-293088, e-mail- dpmcdp-sol@hp.gov.in
NOTICE INVITING TENDER

Online bids are invited for the following works from eligible contractors/firms duly registered with Himachal Pradesh Jal Shakti Vibhag(Electrical)/HPPWD (Electrical) /HIMUDA (Electrical) in appropriate class and latest renewal thereof. Terms & conditions/other documents can be downloaded from the website http://hptenders.gov.in. For further queries / details, please contact 01792-293088.

Sr. No.	Name of Work	Amount put to Tender (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of Tender (Rs.)	Time Allowed (Months)
1	Providing and Installation of Electrical work at Training Centre Salogra, Tehsil & District Solan (HP)	15,11,000/-	30200/-	1,500/-	9

Key Dates:

Sr. No.	Description	Key Dates
1.	Date of online publication	23-12-2022 1700 Hrs
2.	Document Download start and end date	23-12-2022 from 1700 Hrs up to 13-01-2023 1700 Hrs
3.	Bid submission start and End date	22-12-2022 from 1700 Hrs up to 13-01-2023 1700 Hrs
4.	Pre-Bid meeting	30-12-2022 1100 Hrs
5.	Physical submission of i) EMD and ii) Cost of tender documents and other Technical/ Eligibility Documents.	24-12-2022 from 1000 Hrs up to 14-01-2023 1030 Hrs
6.	Date of Technical Bid opening	14-01-2023 1100 Hrs

RO No. 0646
District Project Manager, HPCDP (PH-II), JICA-ODA, Solan, District Solan (H.P)

पंजाब सरकार

पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम लिमिटेड चंडीगढ़ द्वारा आईएफपी डेराबस्सी में सुपर सक्शन सीवर क्लीनिंग मशीन से ब्लॉकड सीवर लाईनों की सफाई के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती है (अनुमानित लागत 4.64 लाख रुपए)
निविदा फार्म की खरीद की तिथि व समय : 26.12.2022 से 07.01.2023 दोप. 12.00 बजे तक
निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय : 07.01.2023 को सायं 4.00 बजे तक
निविदा फार्म अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से उपरोक्त वर्णित अनुसार किसी कार्य दिवस पर प्रत्येक निविदा फार्म के लिए 2360 रुपए (18% जीएसटी सहित) के भुगतान पर प्राप्त कर सकते है :-
● नोट :- इस निविदा को कोई शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट www.psiec.punjab.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यकारी अभियंता-II
पीएसआईईसी
R. No.: NA/12/13558/2022/19882

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
वेबसाइट: www.sanskrit.nic.in

विज्ञापन संख्या 05/2022 — दिनांक 24.12.2022

भर्ती हेतु रिक्ति की अधिसूचना

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली अपने नई दिल्ली में स्थित मुख्यालय और देश में विभिन्न स्थानों पर स्थित परिसरों के लिए निम्नलिखित शैक्षणिक और अन्य शैक्षणिक पदों की भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से केवल ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है। पदों के विवरण, रिक्ति की स्थिति, पात्रता की शर्तें, विशेषज्ञता, ऑनलाइन आवेदन और शुल्क आदि जमा करने की प्रक्रिया और अन्य नियमों और शर्तों के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sanskrit.nic.in देखें। ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23.01.2023 है।

कुलसचिव

परियोजना प्रबंधन इकाई (जलमार्ग विकास प्रोजेक्ट)
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
SAGARMALA
मुख्यालय: ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201 301
दूरभाष: 0120-2544004 फैक्स: 0120-2543978 ई-मेल: vc.iwai@nic.in

साहिबगंज, झारखंड में मल्टीमॉडल टर्मिनल के संचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम) हेतु वैश्विक निविदा आमंत्रण सूचना

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण "साहिबगंज, झारखंड में स्थित मल्टीमॉडल टर्मिनल के संचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम)" के लिए कन्सेशनेयर को नियुक्त करने का इच्छुक है। ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी, 2023 को 15:00 बजे (आइएसटी) तक है।
विस्तृत विवरण और अपडेट के लिए कृपया आईडब्ल्यूएआई वेबसाइट: www.iwai.nic.in और [illegible] पर जायें।
दिनांक: 24.12.2022 — उपाध्यक्ष एवं परियोजना निदेशक (जेएमवीपी)

परियोजना प्रबंधन इकाई (जलमार्ग विकास प्रोजेक्ट)
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
([illegible], पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
SAGARMALA
मुख्यालय: ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201 301
दूरभाष: 0120-2544004 फैक्स: 0120-2543978 ई-मेल: vc.iwai@nic.in

वाराणसी, उत्तर प्रदेश में मल्टीमॉडल टर्मिनल के संचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम) हेतु वैश्विक निविदा आमंत्रण सूचना

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण "वाराणसी, उत्तर प्रदेश में स्थित मल्टीमॉडल टर्मिनल के संचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम)" के लिए कन्सेशनेयर को नियुक्त करने का इच्छुक है। ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी, 2023 को 15:00 बजे (आइएसटी) तक है।
विस्तृत विवरण और अपडेट के लिए कृपया आईडब्ल्यूएआई वेबसाइट: www.iwai.nic.in और [illegible] पर जायें।
दिनांक: 24.12.2022 — उपाध्यक्ष एवं परियोजना निदेशक (जेएमवीपी)

लोकसभा और विधानसभा के कोर कमेटी में कौन-कौन होंगे यह भी तय कर दिया है। वहीं, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े का संबोधन सर्वाधिक जाति समीकरण पर साधने पर केंद्रित रहा। इससे पहले बैठक में विषय प्रवेश प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल ने कराया।

विस्तारकों से संतोष ने कहा कि 2019 की तुलना में बड़ी जीत सुनिश्चित करनी है। यह यात्रा विजय यात्रा नहीं, राष्ट्र निर्माण के लिए अनवरत चलने वाली यात्रा है। इस यात्रा में कोई आपकी पीठ थपथपाए, कोई शाबाशी दे या कोई उपेक्षा करे आपको न अत्यधिक प्रसन्न होना और न ही विचलित होना है। यह यात्रा निरंतर चलने वाली है। आज आप विस्तारक हैं कल आप प्रदेश के अध्यक्ष भी हो सकते हैं, यह सिर्फ भाजपा में संभव है। आप सब पार्टी के कार्यकर्ता बनकर काम करें, किसी व्यक्ति का कार्यकर्ता नहीं बनें। आप सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए लोक कल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। आप सब कार्यकर्ता विश्व के सबसे बड़े पार्टी के सदस्य हैं। केंद्र सरकार की तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए जन- जन तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया। कहा कि आज हमारा देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

बीएल संतोष से मिला विधि प्रकोष्ठ का शिष्टमंडल, कई विषयों पर हुई चर्चा

राज्य ब्यूरो, पटना : भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पार्टी विधि प्रकोष्ठ ने नेताओं ने राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष का गर्मजोशी से पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने भाजपा प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष विधि प्रकोष्ठ की क्रियाकलापों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भाजपा के विधि प्रकोष्ठ से जुड़े वकील पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी के कार्य कर रहे हैं। विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक टीएन ठाकुर के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 106वीं जयंती पर अधिवक्ता महासम्मेलन का सफल आयोजन भी किया गया है। प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि प्रदेश संयोजक ठाकुर द्वारा बी एल संतोष को स्मारिका की प्रति दी गई और प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किए जा रहे गतिविधियों की सकारात्मक चर्चा की।

डा. दुनिया राम सिंह को बनाया गया बिहार कृषि विवि का कुलपति

पटना : बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के कुलपति पद पर डा. दुनिया राम सिंह को नियुक्त किया गया है। डा.सिंह योगदान करने की तिथि से पांच वर्षों तक कुलपति पद पर रहेंगे।

रामवृक्ष बेनीपुरी को नमन किया

राज्य ब्यूरो, पटना : राज्यपाल फागू चौहान ने शुक्रवार को राजभवन में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और साहित्यकार रामवृक्ष बेनीपुरी की जन्मतिथि पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव राबर्ट एल चोंग्थू मौजूद थे।

बिहार का अगला मुख्यमंत्री भाजपा का होगा : विजय सिन्हा

राज्य ब्यूरो, पटना : विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि वे बिजेंद्र बाबू का बहुत सम्मान करते हैं। ऊर्जा मंत्री द्वारा दिए गए बयान कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल और तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष विजय सिन्हा के कारण जदयू एनडीए से अलग हुआ, पर तंज कसते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बिजेंद्र बाबू को यह भी बताना चाहिए कि 2013 में जदयू एनडीए से क्यों अलग हुआ? सिन्हा ने कहा कि 24 अगस्त 2022 को विश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए मुख्यमंत्री सदन में अलग होने का कुछ अन्य कारण बताये थे। उन्होंने कहा था कि बिहार में भाजपा नेताओं से उन्हें कोई दिक्कत नहीं थी। अब बिजेंद्र बाबू कुछ अलग कह रहे हैं तो क्या मुख्यमंत्री ने उन्हें यह बताया?

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
वेबसाइट: www.sanskrit.nic.in

विज्ञापन संख्या 05/2022 दिनांक 24.12.2022

भर्ती हेतु रिक्ति की अधिसूचना

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली अपने नई दिल्ली में स्थित मुख्यालय और देश में विभिन्न स्थानों पर स्थित परिसरों के लिए निम्नलिखित शैक्षिक और अन्य शैक्षिक पदों की भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से केवल ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है। पदों के विवरण, रिक्ति की स्थिति, पात्रता की शर्तें, विशेषज्ञता, ऑनलाइन आवेदन और शुल्क आदि जमा करने की प्रक्रिया और अन्य नियमों और शर्तों के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sanskrit.nic.in देखें। ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23.01.2023 है।

कुलसचिव

DARJEELING HILLS UNIVERSITY
OFFICE OF THE REGISTRAR (ADDITIONAL CHARGE)
NOTIFICATION
CALL FOR NOMINATIONS FOR VICE CHANCELLOR, DARJEELING HILLS UNIVERSITY

The "Search Committee", constituted in terms of Department of Higher Education, University Branch, Government of West Bengal Notification No. 758-Edn(U)/ GRFU-01/ 18 (Pt-I) dated 21.09.2022 for the selection of the Vice Chancellor of Darjeeling Hills University, invites nominations from Vice Chancellors/ Former Vice Chancellors/ Directors or Former Directors of Research Institutes and Institutes of Eminence.

The nominees should be a distinguished academic with a minimum of ten (10) years of experience in a University system of which at least five (5) years shall be as Professor or ten (10) years of experience in a reputed research/ academic administrative organisation of which at least five (5) years shall be in a position of that of Professor. The nominee should have a commitment to nurturing and promoting excellence in teaching and research in the University.

The nominations along with detailed bio-data may be sent by e-mail to the Registrar of the University (dhu.vc.search@gmail.com) on or before 9th of January, 2023 by 5 pm. The "Search Committee" reserves the right to consider persons of eminence outside the nominations received. **Self nominations will not be entertained.**

Sd/-
Advt. No. 01 (R) / DHU-2022 Registrar (Additional Charge)
Dated: 23.12.2022 Darjeeling Hills University

भाअजप्रा IWAI
परियोजना प्रबंधन इकाई (जलमार्ग विकास प्रोजेक्ट)
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
SAGARMALA
मुख्यालय: ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201 301
दूरभाष: 0120-2544004 फैक्स: 0120-2543976 ई-मेल: vc.iwai@nic.in

साहिबगंज, झारखंड में मल्टीमॉडल टर्मिनल के संचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम) हेतु वैश्विक निविदा आमंत्रण सूचना

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण "साहिबगंज, झारखंड में स्थित मल्टीमॉडल टर्मिनल के संचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम)" के लिए कन्सेशनेयर को नियुक्त करने का इच्छुक है। ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी, 2023 को 15:00 बजे (आइएसटी) तक है।
विस्तृत विवरण और अपडेट के लिए कृपया आईडब्ल्यूएआई वेबसाइट: www.iwai.nic.in और https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर जायें।
दिनांक: 24.12.2022 उपाध्यक्ष एवं परियोजना निदेशक (जेएमवीपी)

भाअजप्रा IWAI
परियोजना प्रबंधन इकाई (जलमार्ग विकास प्रोजेक्ट)
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
SAGARMALA
मुख्यालय: ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201 301
दूरभाष: 0120-2544004 फैक्स: 0120-2543976 ई-मेल: vc.iwai@nic.in

वाराणसी, उत्तर प्रदेश में मल्टीमॉडल टर्मिनल के संचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम) हेतु वैश्विक निविदा आमंत्रण सूचना

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण "वाराणसी, उत्तर प्रदेश में स्थित मल्टीमॉडल टर्मिनल के संचालन और प्रबंधन (ओ एंड एम)" के लिए कन्सेशनेयर को नियुक्त करने का इच्छुक है। ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी, 2023 को 15:00 बजे (आइएसटी) तक है।
विस्तृत विवरण और अपडेट के लिए कृपया आईडब्ल्यूएआई वेबसाइट: www.iwai.nic.in और https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर जायें।
दिनांक: 24.12.2022 उपाध्यक्ष एवं परियोजना निदेशक (जेएमवीपी)

पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(पंजीकृत कार्यालय : पीएसईबी मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला)
कारपोरेट पहचान सं. : यू 40109पीबी2010एसजीसी033813, वेबसाइट : www.pspcl.in
(संपर्क सं. 96461-18773)

निविदा पूछताछ सं. : क्यू-4013/22-23/पीओ-टी/सीई-एमएम

मुख्य खरीद अधिकारी/एमएम, केंद्रीय खरीद संगठन, पीएसपीसीएल, दूसरी मंजिल, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग, द माल, पीएसपीसीएल द्वारा पीएसपीसीएल के विनिर्देश अनुसार तथा आईएस 1180 भाग-1 (2014) व 2026 (नवीनतम संशोधनों सहित) से पुष्टिकरण वाली 38, 200 अदद, ईईएल-2 (आईएस 1180 की संशोधन संख्या 4 के अनुसार)/स्टार-2 (नया), आईएसआई अंकित, 11/0.433 केवी, 25 केवीए, तीन फेज, 50 साईकिल, आउटडोर टाईप, ऑयल इम्सर्ड, नैचुरली कूल्ड, कोर या शैल टाईप, स्टैक/वाउंड कोर टाईप का निर्माण (एल्यूमिनियम वाउंड), फिटिंग सहित सभी प्रकार से पूर्ण सीआरजीओ/एमोरफस कोर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर्स की अल्पावधि ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निआसू और निविदा में विनिर्देश के लिए 26.12.2022 से https://eproc.punjab.gov.in का संदर्भ लें।
नोट : शुद्धिपत्र और परिशिष्ट यदि कोई होंगे तो केवल https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित किए जाएंगे।
सी-486/22 Ro. No.:76155/12/1303/2022/19904

भागलपुर का कतरनी चूड़ा चखेंगे राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री

- बिहार भवन में मकर संक्रांति पर होगा चूड़ा-दही व तिलकुट का भोज
- दो जनवरी को तीन क्विंटल चूड़ा लेकर दिल्ली जाएंगे कृषि अधिकारी

जागरण संवाददाता, भागलपुर : इस बार मकर संक्रांति के अवसर पर सुल्तानगंज प्रखंड के आभा रतनपुर गांव के कतरनी चूड़ा का स्वाद राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री चखेंगे। इसके लिए बिहार भवन ने तीन क्विंटल उच्च क्वालिटी के कतरनी चूड़ा की मांग जिला प्रशासन से की है। वहां से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भागलपुरी कतरनी सौगात के रूप में भेजी जाएगी। बिहार भवन में भी मकरसंक्रांति के अवसर पर आयोजित दही-चूड़ा व तिलकुट के भोज में कतरनी चूड़ा परोसा जाएगा।

उच्च गुणवत्तायुक्त कतरनी धान को चिह्नित कर चूड़ा की तैयारी व आकर्षक पैकिंग कराकर दो जनवरी तक सुरक्षित पहुंचाने का दायित्व जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया है। पिछले साल भी आभा रतनपुर का ही कतरनी चूड़ा बिहार भवन भेजा गया था। जिला कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार यादव ने बताया कि कतरनी चूड़ा की तैयारी शुरू कर दी गई है। बहुत जल्द उसे दिल्ली भेज दिया जाएगा।

खाड़ी देश जाएगा कतरनी चूड़ा व चावल : खाड़ी देशों में कतरनी चावल व चूड़ा की काफी मांग है। वहां भी चूड़ा भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई है। दो जनवरी को खाड़ी देश के एक्सपोर्टर जिशान अली आभा रतनपुर पहुंच रहे हैं। जिशान अली दुबई में बैठते हैं। इनके यहां कोलकाता से माल पहुंचता है। दो माह पूर्व भी एक्सपोर्ट यहां आकर सैंपल ले जा चुके हैं।

सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो दस से 12 टन कतरनी चावल व चूड़ा खाड़ी देश भेजा जाएगा। एपिडा के माध्यम से भी कतरनी चावल-चूड़ा विदेश भेजने की तैयारी चल रही है।

जैविक हाट में होगी बिक्री

जिला कृषि कार्यालय स्थित जैविक हाट में 28 दिसंबर से कतरनी चावल व चूड़ा बिकने लगेगा। आभा रतनपुर के कतरनी धान उत्पादक किसान मनीष कुमार सिंह ने बताया कि दस क्विंटल चूड़ा तैयार किया जा रहा है। तीन से चार दिनों के अंदर तैयारी पूरी हो जाएगी। चावल व चूड़ा जैविक हाट पर भी उपलब्ध होगा। चूड़ा 160 रुपये प्रति किलो और नया चावल 150 रुपये किलो मिलेगा। पुराना चावल 160 रुपये किलो मिलेगा। अरवा व उसना चावल का आटा भी मिलेगा।

सैन्य नर्सिंग सेवा में शामिल हों
बीएससी (नर्सिंग) पाठ्यक्रम- 2023
JOIN MILITARY NURSING SERVICE
BSC (NURSING) COURSE- 2023

सैन्य नर्सिंग सेवा में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम 2023 के लिए इच्छुक महिला उम्मीदवार का नीट (यूजी) 2023 परीक्षा में सफल होना अनिवार्य है। पात्रता नियम एवं शर्तों की जानकारी रोजगार समाचार में प्रकाशित की जायेगी। यह सूचना इस वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** पर भी उपलब्ध होगी।

All candidates (Female only) desirous of seeking admission to BSc Nursing course 2023 for MNS have to mandatorily qualify NEET (UG) 2023. The Eligibility, Terms and Conditions will be published in the Employment News in due course of time. The same will also be available on the website **www.joinindianarmy.nic.in.**
CBC 10601/11/0035/2223

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA
सेबी भवन-II, सी-7, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र-400051

चूककर्ता (जिनका पता नहीं लगाया जा सका) के विवरण का प्रकाशन

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के वसूली अधिकारी ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 222 के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 की धारा 28क (28ए) के तहत निम्नलिखित चूककर्ताओं के खिलाफ वसूली प्रमाणपत्र जारी किया था। हालाँकि, माँग नोटिस चूककर्ताओं को सारणी में उल्लिखित उनके अंतिम ज्ञात पते पर सेवा नहीं की जा सकीं :

क्र. सं.	चूककर्ता(ओं) का नाम	पैन/ सीआईएन	चूककर्ता(ओं) का अंतिम ज्ञात पता	वसूली प्रमाणपत्र संख्या	मांग सूचना की तिथि
1	ओरिएंटल औद्योगिक निवेश निगम लिमिटेड	L99999MH1943PLC003977	505-506, मरीन चौंबर, न्यू मरीन लाइन्स, मुंबई - 400020	4265	16.11.2021
2	प्रमाण कैपिटल मार्केट सर्विसेज लिमिटेड	U99999MH1994PLC080012	पता 1: वर्धमान कॉम्प्लेक्स, 110, ओल्ड आगरा रोड, ठाणे वेस्ट-400601 पता 2: 6, बेसमेंट, गणेश टावर्स, दादा पाटिल रोड, ठाणे वेस्ट-400602	4266	16.11.2021
3	डाटाबेस फाइनेंस लिमिटेड	AAACD2954M	पता 1: 19/बी नोबल चेम्बर्स, एस.ए. बरेलवी रोड, फोर्ट, मुंबई-400001 पता 2: सी-27, एवरशाइन शॉपिंग सेंटर जेपी रोड, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई - 400053 पता 3: वत्स हाउस, जन्मभूमि मार्ग, किला, मुंबई - 400001	4387	17.12.2021
4	रोयल सर्कोप्रिंट इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	U99999MH1986PLC039661	कामनवाला चौंबर, दूसरी मंजिल, सर पीएम रोड, फोर्ट, मुंबई-400001	4411	28.12.2021
5	रत्ना ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड	U24100MH1987PTC043885	ई-219 सागर अपार्टमेंट, फादर. पीटर पी मार्ग, सोनारपुर लेन, कुर्ला, मुंबई - 400070	4615	06.04.2022
6	हाईलैंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड	U99999MH1985PLC035697	जे 103, सुमेर नगर, बिल्डिंग नंबर 2, एस वी रोड, कोरकेंद्र, बोरीवली वेस्ट, मुंबई - 400092	4618	06.04.2022
7	वायरल सिंटेक्स लिमिटेड (अब वीएसएल इंफोटेनमेंट लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)	U17100MH1985PLC037476	1-2 अभिषेक, एस.वी. रोड, इरला ब्रिज, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई - 400103	4633	07.04.2022
8	भगवती कॉटन्स लिमिटेड	L17110MH1995PLC093803	20, राजा बहादुर हवेली, अंबालाल दोषी मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400023	5479	28.06.2022

उपरोक्त चूककर्ता (चूककर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि वे 8 जनवरी, 2023 तक ऊपर दिए गए पते पर पत्र भेजकर या recoveryho1@sebi.gov.in पर ईमेल भेजकर वसूली अधिकारी से संपर्क करें। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति को यह जानकारी हो कि ऊपर उल्लिखित चूककर्ता (चूककर्ताओं) कहाँ है तो वे इस संबंध में जानकारी 8 जनवरी, 2023 तक ऊपर दिए गए पते पर पत्र भेजकर या recoveryho1@sebi.gov.in पर ईमेल भेजकर वसूली अधिकारी को प्रदान कर सकते हैं।

तिथि: 24.12.2022 सृष्टी आंबोकर
स्थान: मुंबई (वसूली अधिकारी)

प्रतिनियुक्त अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन मगध विवि में हाजिर रहने का निर्देश

राज्य ब्यूरो, पटना : राज्यपाल एवं कुलाधिपति फागू चौहान के आदेश पर मगध विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों को शुक्रवार एवं शनिवार को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है ताकि उन्हें सौंपे गए कार्यों का निष्पादन ससमय सुनिश्चित हो सके। खासकर विद्यार्थियों की समस्याओं के शीघ्र निष्पादन तथा शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने के प्रति आगाह किया गया है। शुक्रवार को राजभवन में आयोजित विशेष बैठक में यह निर्देश दिया गया।

निर्देश भी दिया गया कि विश्वविद्यालय के सत्र को नियमित करने, लंबित परीक्षा आयोजित कराने, लंबित परीक्षाफल प्रकाशित कराने एवं महाविद्यालय स्तर पर डिग्री का वितरण कराने हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी तत्परता से की जाए। राज्यपाल के प्रधान सचिव राबर्ट एल चोंग्थू की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण तथा मगध विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना- 800001

67वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम

67वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 30.12.2022 को दो पालियों एवं 31.12.2022 एवं 07.01.2023 को एकल पाली में पटना स्थित परीक्षा केन्द्रों में निम्नांकित संशोधित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जायेगी :-

तिथि/दिन	परीक्षा की अवधि	विषय
30.12.2022 (शुक्रवार)	09:30 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक	सामान्य अध्ययन- प्रथम पत्र
	2:00 बजे अपराह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक	सामान्य अध्ययन- द्वितीय पत्र
31.12.2022 (शनिवार)	12:00 बजे अपराह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक	सामान्य हिन्दी
07.01.2023 (शनिवार)	12:00 बजे अपराह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक	ऐच्छिक (वैकल्पिक) विषय (जो उम्मीदवार द्वारा मुख्य परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन के समय भरा गया है)

उपर्युक्त परीक्षा के लिए औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र दिनांक 24.12.2022 से आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bih.nic.in** अथवा **www.onlinebpsc.bihar.in** पर उपलब्ध रहेंगे। उम्मीदवारों को डाक से (**By Post**) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे।

परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग पहुंचे भाजपा एमएलसी संजय मयूख

राज्य ब्यूरो, पटना : भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता और एमएलसी डा. संजय मयूख ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो से मुलाकात कर बिहार में जहरीली शराब में हुई मौतों में असहाय हुए अबोध बच्चों के भरण-पोषण के लिए बिहार सरकार को आर्थिक मदद के लिए निर्देश देने की मांग की। कहा कि सारण, सिवान, गोपालगंज और बेगूसराय में हाल ही जहरीली मौत से 75 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है। यह संख्या सौ भी अधिक हो सकती है। मैंने घटनास्थल का भी दौरा किया। घटनास्थल के हृदय विदारक दृश्यों से मेरा मन काफी व्याकुल है। असहाय बच्चे भूख के कारण दम तोड़ने की स्थिति में हैं।

खबरों में ऐसा भी सामने आ रहा है कि नकली शराब बनाने वाले बच्चों का भी उपयोग कर रहे हैं। राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने डा. मयूख को बताया कि उन्होंने बिहार के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है कि शराब कांड में असहाय हुए बच्चों के परिवारों को कहां तक सहायता पहुंचाई गई है या पहुंचाई जा रही है।

हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड HINDUJA HOUSING FINANCE **डिमांड नोटिस**
पंजीकृत कार्यालय : 27ए, डेवलप्ड इंडस्ट्रीयल इस्टेट, गिंडी चेन्नई- 600032, तमिलनाडु, भारत, शाखा कार्यालय : बी-7, द्वितीय तल, पिज्जा हट के उपर, सहदेव महतो मार्ग, बोरिंग रोड, पटना, बिहार- 800001

सिक्युरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेंसियल एसेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस

जबकि, अधोहस्ताक्षरी हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. (एचएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट), रूल्स के रूल 3(1) के साथ पठित धारा 13(2) के तहत कम्पनी द्वारा उन्हे प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्न वर्णित कर्जदारों को डिमांड नोटिस जारी किया और उन सभी का आह्वान करते हुए उक्त संबंधित नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर प्रत्येक संबंधित कर्जदार को जारी डिमांड नोटिस में वर्णित अनुसार राशियों को चुकाने के लिए कहा गया था क्योंकि उनके खाते क्रमशः गैर निष्पादित सम्पत्तियों के रूप में वर्गीकृत हो गए थे। नोटिस अधोहस्ताक्षरी द्वारा पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे गए थे, नीचे सूचीबद्ध कर्जदार/रों को तामिला नहीं हुआ था। अधोहस्ताक्षरी के पास यह विश्वास करने का कारण है कि कर्जदार उन्हें जारी किए गए नोटिसों को प्राप्त करने से बच रहे हैं। ऐसी सूचनाओं की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास पड़ी है और कर्जदार, वे चाहे तो अधोहस्ताक्षरी से उक्त प्रति को किसी भी कार्य दिवस पर सामान्य कार्य अवधि के दौरान प्राप्त कर सकते हैं। उपरोक्त के संबंध में, उक्त कर्जदार/रों को एक बार फिर से नोटिस दिया जाता है/जाते हैं कि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को बकाया देय राशि (लागू ब्याज सहित) के साथ एचएचएफएल के पक्ष में कर्जदार/रों द्वारा निष्पादित विभिन्न प्रतिभूति दस्तावेजों के तहत पुनर्भुगतान या वसूली की तिथि तक शुल्क आदि की अन्य लागत के साथ भुगतान करें। ऋण के देय भुगतान के लिए, संबंधित निम्न सूचीबद्ध कर्जदार/रों द्वारा एचएचएफएल के पास निम्नलिखित सम्पत्ति गिरवी रखी गई है। यदि कर्जदार/रों उपर बताए गए अनुसार एचएचएफएल को पुनर्भुगतान करने में विफल रहता है, तो एचएचएफएल उक्त एक्ट की धारा 13(4) और लागू रूल के तहत पूरी तरह से कर्जदार के जोखिम पर सुरक्षित सम्पत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा। उक्त एक्ट की धारा 13(13) के अनुसार कम्पनी की पूर्व सहमति के बिना बिक्री, पट्टे, किरायेदारी या किसी अन्य प्रणाली के माध्यम से अनुसूचित सम्पत्ति को स्थानांतरित करने के लिए कर्जदार/रों को रोका जाता है। कोई भी व्यक्ति, जो एक्ट के प्रावधान या उनके तहत बनाए गए रूल का उल्लंघन करता है, उक्त एक्ट के प्रावधान के अनुसार अभियोजन या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

यह नोटिस आपके अपने जोखिम और लागत पर हमारे अधिकारों और उपचारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जारी किया जा रहा है। इसके अलावा, हम आपको एक्ट की धारा 13 की उप-धारा (8) की ओर भी ध्यान आकर्षित करते हैं जिसमें आप सुरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री के लिए निजी संधि या निविदा आमंत्रित नीलामी नोटिस प्रकाशन की तिथि से पहले किसी भी समय सभी शुल्कों, लागतों और व्ययों के भुगतान के बाद अपनी सम्पत्ति का मोचन कर सकते हैं। यदि हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को पूरा बकाया भुगतान नहीं किया जाता है, तो सुरक्षित सम्पत्ति को बेचा/पट्टे पर नहीं दिया जाएगा, विवरण नीचे दिए गए हैं :

कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम एवं पता	क) डिमांड नोटिस तिथि ख) ऋण खाता नं. ग) तिथि तक बकाया राशि	अचल सम्पत्ति (सुरक्षित सम्पत्ति) का विवरण
1. श्री संतोष कुमार झा पिता- स्व. योगेश्वर झा, मोहल्ला- न्यू पुनाईचक, बोरिंग कैनाल रोड, ललिता होटल पटना के सामने, सोनी सर्विस सेन्टर के निकट शहरी, पटना, बिहार- भारत- 800001 2. ओम प्रकाश झा पिता- स्व. योगेश्वर झा, मोहल्ला- न्यू पुनाईचक, बोरिंग कैनाल रोड, ललिता होटल पटना के सामने, सोनी सर्विस सेन्टर के निकट शहरी, पटना, बिहार- भारत- 800001 3. श्रीमती रूबी देवी पति- संतोष कुमार झा, मोहल्ला- न्यू पुनाईचक, बसावन पार्क लेन, बोरिंग कैनाल रोड, पटना, सोनी सर्विस सेन्टर के निकट शहरी, पटना, बिहार- भारत- 800001	क) 29.11.2022 ख) BR/PTN/PTNA/A000000381 ग) रु. 2,300,000/- (रुपए तेईस लाख मात्र) घ) 30.06.2022	सम्पत्ति की अनुसूची सम्पत्ति के आवश्यक सभी भाग और पार्सल, मौजा- धकनपुरा में स्थित परगना- अजीमाबाद, थाना- कृष्णापुरी, सब सदर रजिस्ट्री पटना, तौजी नं. 391, थाना नं. 7, खाता नं. 177, खेसरा नं.-172/162 वार्ड नं. 34(पुराना) वार्ड नं. 21 (नया) सर्किल नं. 249 अंचल पटना क्षेत्रफल- 15 धुर, जिला- पटना

दिनांक : 24.12.2022 हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए
स्थान : पटना वेंकटेश. आर
प्राधिकृत अधिकारी

इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD
अंचल कार्यालय, पटना, प्रथम तल, बुद्ध मार्ग, पटना-800001
परिशिष्ट-IV नियम-8(1)
कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

जैसा कि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 के अंतर्गत **इंडियन बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम-2002 धारा-13(12) नियम-8 एवं 9 के साथ पाठ्य, के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए खाता के सामने अंकित तिथि को 13(2) के तहत मांग सूचना जारी किया गया था और उधारकर्ता को नोटिस में उल्लिखित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर चुकाने के लिए कहा गया था।
उधारकर्ता/बंधककर्ता द्वारा उक्त राशि का भुगतान न करने पर उधारकर्ता/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जा रहा है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम के धारा-13(4), प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम-8 एवं 9 के साथ पाठ्य, के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्ति को कब्जा में ले लिया है। उधारकर्ता/बंधककर्ता को विशेष और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से आगाह किया जाता है कि वे उक्त सम्पत्ति का कोई लेन-देन न करें और कोई भी लेन-देन तथा आगे उस पर ब्याज व अन्य कानूनी खर्च **इंडियन बैंक** के अधिभार के अधीन होगा।
हम सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं जो प्रतिभूतियों पर आपके मोचन के अधिकारों से संबंधित है।

क्रं. सं.	खाता का नाम एवं शाखा	कर्जदार/जमानतदार का नाम (सम्पत्ति के मालिक)	बंधक सम्पत्ति का ब्योरा (अचल सम्पत्ति का सभी भाग)	मांग सूचना कि तिथि / कब्जा सूचना कि तिथि	बकाया राशि
1.	श्री अजीत कुमार पाण्डेय पिता-श्री रणविजय पाण्डेय एवं श्री रणविजय पाण्डेय पिता-स्व. गणेश पाण्डेय एवं श्री परमेश्वर पाण्डेय पिता-श्री गणेश पाण्डेय शाखा: बक्सर शाखा	श्री अजीत कुमार पाण्डेय पिता-श्री रणविजय पाण्डेय एवं श्री रणविजय पाण्डेय पिता-स्व. गणेश पाण्डेय एवं श्री परमेश्वर पाण्डेय पिता-श्री गणेश पाण्डेय	वर्तमान एवं भविष्य में निर्माण के साथ संपत्ति का सभी भाग एवं अंश का साम्यिक बंधक जो मौजा-निशावलिया, रेवेन्यु थाना-325, थाना-बक्सर, खाता नं.-02, प्लॉट नं.-243, रकवा-2.46 डिसमिल, रजिस्टर्ड सेल डीड न.-9435 तिथि 31.08.2012, बुक नं.-01, जिल्द नं.-128, पेज नं.-431 से 438, सीडी नं.-29 है जो श्री रणविजय प्रसाद पाण्डेय एवं श्री परमेश्वर पाण्डेय के नाम से है, रजिस्टर्ड एवं जिला रजिस्ट्रेशन ऑफिस बक्सर। चौहद्दी (डीड के अनुसार): उत्तर-पुरुषोत्तम चौबे, दक्षिण-ऋषिकेश राय, पूरब-रोड, पश्चिम-विक्रेता (स्वयं)	30.04.2022 / 19.12.2022	₹1491931.81 (रुपये चौदह लाख इक्यानवे हजार नौ सौ इक्तीस एवं पैसे इक्यासी मात्र)
2.	मेसर्स अन्नपूर्णा फ्लोर मिल्स (प्रो.-श्री विकाश कुमार) शाखा: पुराना भोजपुर शाखा	श्री विकाश कुमार पिता-श्री जगनारायण सिंह एवं श्रीमती कलावती देवी पति-स्व. सुखारी सिंह	साम्यिक बंधक: सम्पत्ति का वह सभी भाग एवं अंश जो मौजा-भोजपुर खादिम, अंचल-डुमरांव में अवस्थित है जिसका थाना नं.-154, खाता नं.-697/1, प्लॉट नं.-3628, रकवा-10 डिसमिल, रजिस्टर्ड बंधक डीड नं. 288, तिथि 28.03.2017, बुक नं.-01, वॉल्युम नं.-39, पेज नं.-575 से 583, सीडी नं.-07/वर्ष 2017 है जो इंडियन बैंक (पूर्व में इलाहाबाद बैंक), पुराना भोजपुर शाखा के पक्ष में श्रीमती कलावती देवी के द्वारा निष्पादित हुआ, रजिस्टर्ड एवं जिला रजिस्ट्रेशन ऑफिस बक्सर। चौहद्दी (डीड के अनुसार): उत्तर-निज, दक्षिण-धुपन देवी, पूरब-रामजी एवं अन्य, पश्चिम-पाथवे छावर।	12.09.2022 / 19.12.2022	₹711401.00 (रुपये सात लाख ग्यारह हजार चार सौ एक मात्र)
3.	मेसर्स नारायणी चश्मा घर (प्रो.-श्री मनोज कुमार पाण्डेय) शाखा: आरा महावीर टोला शाखा, भोजपुर	श्री मनोज कुमार पाण्डेय एवं श्री मती धर्मशीला देवी पति-श्री मनोज कुमार पाण्डेय	साम्यिक बंधक: सम्पत्ति का वह सभी भाग एवं अंश जो मौजा-महादेवा, थाना-आरा नगर, जिला भोजपुर में अवस्थित है जिसका थाना नं.-237, पुराना वार्ड नं. 10, पुराना खाता नं.-950, पुराना खेसरा नं.-3721 एवं 3723, नगरपालिका खेसरा नं.-1050, नया खाता नं.-301/ए, नया खेसरा नं.-543/597, रकवा-10 धुर, रजिस्टर्ड सेल डीड नं.-2000 तिथि 18.02.2002, बुक नं.-01, वॉल्युम नं.-9, पेज नं.-493 से 570 रजिस्टर्ड जिला रजिस्ट्रेशन ऑफिस आरा है जो श्रीमती धर्मशीला देवी के नाम से है। चौहद्दी (डीड के अनुसार): उत्तर-नरेन्द्र नारायण, दक्षिण-रास्ता 7.6 फीट, पूरब-सविता त्रिपाठी, पश्चिम-श्रीमती मोती झारो देवी।	19.09.2022 / 19.12.2022	₹1101542.00 (रुपये ग्यारह लाख एक हजार पाँच सौ बयालीस मात्र)
4.	श्री अमर कुमार सिंह पिता-बबन सिंह एवं श्रीमती विभा देवी पति-श्री अमर कुमार सिंह शाखा: आरा महावीर टोला शाखा, भोजपुर	श्री अमर कुमार सिंह पिता-बबन सिंह एवं श्रीमती विभा देवी पति-श्री अमर कुमार सिंह	साम्यिक बंधक: सम्पत्ति का वह सभी भाग एवं अंश जो मौजा-पकरी सहारा आरा, थाना आरा नवादा, अंचल आरा सब एवं सदर रजिस्ट्री आरा में अवस्थित है जिसका थाना नं.-236, पुराना वार्ड नं.-12, नगर निगम वार्ड नं.-15, जिला-भोजपुर, पुराना खाता नं.-153, पुराना खेसरा नं.-871, नया खाता नं.-10, नया खेसरा नं.-1102, रकवा-1.611 डिसमिल या 702 वर्गफीट, रजिस्टर्ड सेल डीड नं. 2206, तिथि 10.03.2014, बुक नं.-01, वॉल्युम नं.-33, पेज 480 से 487, सीडी नं.-06/वर्ष 2014, जिला रजिस्टर्ड ऑफिस से रजिस्टर्ड है जो श्री अमर कुमार सिंह के नाम से है। चौहद्दी (डीड के अनुसार): उत्तर-बैरर, दक्षिण-बबन राय, पूरब-06 फीट चौड़ा प्राईवेट रास्ता, पश्चिम-रतन महतो।	19.09.2022 / 19.12.2022	₹970560.00 (रुपये नौ लाख सत्तर हजार पाँच सौ साठ मात्र)

दिनांक : 19.12.2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : पटना नोट:- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। इंडियन बैंक

****

एक नजर में

पेट्रोल में एथनाल का 20 प्रतिशत मिश्रण जल्द : पुरी

नई दिल्ली : इंडिया एनर्जी वीक 2023 से पहले एक जनजागरुकता कार्यक्रम में शुक्रवार को केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत ने पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथनाल मिश्रण के लक्ष्य को समय से पहले इसी वर्ष जून में हासिल कर लिया था। इस लक्ष्य को हासिल करने की समयसीमा नवंबर 2022 थी। उन्होंने कहा कि अब 20 प्रतिशत एथनाल मिश्रण वाला पेट्रोल कुछ बाजारों में एक-दो दिन में आ जाएगा। (प्रेट्र)

विदेशी मुद्रा भंडार में 57 करोड़ डालर की कमी

मुंबई, प्रेट्र : देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 16 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 57.1 करोड़ डालर की गिरावट रही है। आरबीआइ के अनुसार, अब विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 563.499 अरब डालर रह गया है। लगातार पांच सप्ताह तक वृद्धि के बाद इसमें गिरावट आई है। बीते सप्ताह विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 50 करोड़ डालर घटकर 499.624 अरब डालर रह गई हैं। स्वर्ण भंडार 15 अरब डालर घटकर 40.570 अरब डालर रह गया है। (प्रेट्र)

एनसीएलएटी पहुंची गूगल सीसीआइ के खिलाफ अपील

नई दिल्ली : गूगल ने एंड्रायड मोबाइल उपकरण इकोसिस्टम के मामले में अनुचित व्यापार व्यवहार के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) के आदेश के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में अपील की है। आयोग ने एंड्रायड मोबाइल उपकरणों के मामले में अपने दबदबे की स्थिति का फायदा उठाने पर 1,337.76 करोड़ का जुर्माना लगाया था। (प्रेट्र)

अदाणी समूह को अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे राय दंपति

नई दिल्ली : एनडीटीवी के संस्थापक प्रणय राय और उनकी पत्नी राधिका राय टीवी चैनल नेटवर्क में अपनी शेष 32.26 प्रतिशत हिस्सेदारी में से 27.26 प्रतिशत अदाणी समूह को बेचने को राजी हो गए हैं। इसके बाद अदाणी एनडीटीवी का सबसे बड़ा शेयरधारक बन जाएगा। फिलहाल अदाणी समूह की सब्सिडियरी एएमजी मीडिया नेटवर्क की एनडीटीवी में 37.44 प्रतिशत हिस्सेदारी है। (प्रेट्र)

रुपये में विदेशी कारोबार पर रहेगा जोर

आरबीआइ ने रूस, श्रीलंका व मारीशस के 25 बैंकों को रुपये में कारोबार करने की दी अनुमति

जयप्रकाश रंजन ● नई दिल्ली

- वित्त मंत्रालय ने कारोबार में सहूलियत के लिए दूसरे मंत्रालयों से मांगी राय
- रुपये में उतार-चढ़ाव से होने वाले घाटे की भरपाई नहीं होना बड़ी दिक्कत



जुलाई, 2022 में आरबीआइ की तरफ से रुपये में अंतरराष्ट्रीय कारोबार करने की अनुमति मिलने के बाद से इस बारे में धीरे-धीरे कदम बढ़ने शुरू हो गए हैं। एक तरफ जहां भारत सरकार कम से कम डेढ़ दर्जन देशों के साथ रुपये में कारोबार की सहूलियत देने की बातचीत शुरू कर चुकी है। आरबीआइ ने अभी तक तीन देशों (रूस, श्रीलंका और मारीशस) के कम से कम 25 बैंकों को भारतीय बैंकों के साथ रुपये में कारोबार के लिए विशेष खाता खोलने की इजाजत दे दी है। अब सूचना है कि वित्त मंत्रालय भी आगामी बजट के जरिये कुछ ऐसी घोषणाएं करने पर विचार कर रहा है, जिससे भारतीय कारोबारियों के लिए विदेश से स्थानीय मुद्रा में आयात-निर्यात करने की राह आसान हो। इस बारे में दूसरे मंत्रालयों से भी मशविरा मांगा गया है।

इस बारे में सरकार के स्तर पर हो रहे विमर्श में शामिल एक अधिकारी के मुताबिक रुपये के कारोबार को अपनाने की राह में एक बड़ी अड़चन यह है कि कारोबारियों को रुपये की कीमत में उतार-चढ़ाव से होने वाले घाटे से भरपाई का कोई तरीका नहीं है। दूसरी तरफ जब डालर में कारोबार होता है तो उसकी कीमत में होने वाले उतार-चढ़ाव से होने वाले नुकसान के भरपाई की वित्तीय व्यवस्था उपलब्ध है। इस वजह से निर्यातक समुदाय के एक वर्ग का कहना है कि रुपये में कारोबार करने की लागत डालर के मुकाबले कुछ ज्यादा आएगी। चूंकि भारतीय रुपये में कारोबार करने को लेकर जिन देशों ने रुचि दिखाई है, उन देशों की स्थानीय मुद्राओं की स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत अच्छी नहीं है। इस वजह से भी भारतीय कारोबारी कुछ वित्तीय सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। इससे बचाव का क्या तरीका हो सकता है, इस पर विमर्श किया जा रहा है।

कई देशों के साथ चल रही बातचीत

वाणिज्य मंत्रालय और विदेश मंत्रालय की अगुआई में रूस, श्रीलंका, मारीशस के अलावा यूएई, नाइजीरिया, सऊदी अरब, मिस्र, सूडान, मलावी, इथियोपिया के साथ रुपये में कारोबार करने को लेकर वहां की सरकारों के साथ बातचीत हुई है। एक दिन पहले वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी के बीच रुपये और टका में ट्रेड करने पर गंभीर चर्चा हुई है।

> रुपये में अंतरराष्ट्रीय कारोबार करने के लिए एक मैकेनिज्म की जरूरत थी, जिसे आरबीआइ की तरफ से दिया जा चुका है। अब यह निर्यातक समुदाय पर है कि वह इसके आधार पर विदेश से सौदे करें।
>
> **-अजय सहाय,** सीईओ और महानिदेशक, फिक्यो

राजकोषीय प्रबंधन पर आएगा नया रोडमैप

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : वैश्विक अस्थिरता के बावजूद चालू वित्त वर्ष के दौरान वित्त मंत्रालय अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य 6.4 प्रतिशत को हासिल करने की स्थिति में है। सरकार के इस राजकोषीय प्रबंधन की तारीफ आरबीआइ ने भी अपनी एक नई रिपोर्ट में की है। हालांकि अब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण राजकोषीय प्रबंधन के नए रोडमैप को अंतिम रूप देने में जुटी है, जिसकी घोषणा आगामी बजट में की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य अगले पांच वर्षों के भीतर राजकोषीय घाटे को क्रमवार तरीके से घटाते हुए 3.5 प्रतिशत पर लाना होगा। देश के प्रमुख उद्योग संगठन और अर्थशास्त्री भी इसकी जरूरत वित्त मंत्री सीतारमण के साथ बजट पूर्व बैठकों में बता चुके हैं।

उद्योग संगठन सीआइआइ ने सरकार को जो बजट पूर्व सुझाव पत्र दिया है उसमें आग्रह किया है कि मौजूदा वित्त वित्त वर्ष में 6.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे को वर्ष 2025-26 तक घटाकर 4.5 प्रतिशत पर लाने का रोडमैप लाया जाना चाहिए। जबकि वित्त मंत्री के साथ बजट पूर्व बैठक में कुछ अर्थविदों ने राजकोषीय घाटे को पांच वर्षों के दौरान धीरे-धीरे घटाते हुए 3.5 प्रतिशत पर लाने का सुझाव दिया था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत सरकार का राजकोषीय घाटा साल के लिए निर्धारित लक्ष्य का 37.3 प्रतिशत रहा है। जबकि राज्यों का संयुक्त तौर पर राजकोषीय घाटा 29 प्रतिशत है। पिछले नौ वर्षों में राजकोषीय घाटे को काबू में करने के मामले में यह राज्यों का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। आरबीआइ की तरफ से जारी नई रिपोर्ट में केंद्र व राज्य के राजकोषीय घाटे की स्थिति को संतोषजनक बताया गया है। जिस तरह से कोरोना महामारी और यूक्रेन-रूस युद्ध के असर के बावजूद घाटे को बढ़ने नहीं दिया गया है उसकी तारीफ की है। आरबीआइ ने कहा है कि केंद्र सरकार को राजकोषीय संतुलन की प्रक्रिया को जारी रखनी चाहिए।



- अगले पांच वर्षों में राजकोषीय घाटे को क्रमवार घटाकर 3.5 प्रतिशत पर लाना होगा
- आरबीआइ ने भी अपनी नई रिपोर्ट में सरकार के राजकोषीय प्रबंधन की तारीफ की

देश को फिर से राजकोषीय संतुलन के मार्ग पर लाएं वित्तमंत्री : पानगढ़िया

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पानगढ़िया ने दैनिक जागरण को दिए गए एक साक्षात्कार में बताया कि बजट 2023-24 में देश को फिर से राजकोषीय संतुलन के मार्ग पर लाना वित्त मंत्री की एक अहम प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे देशी-विदेशी निवेशकों को एक बड़ा संदेश जाएगा कि भारत एक बड़ी चुनौती से सफलतापूर्वक पार पाते हुए अब अपने राजकोषीय स्थिति को भी बेहतर बनाने में सक्षम है। चालू वित्त वर्ष के दौरान जिस तरह से सरकार का राजस्व बढ़ा है, उसको देखते हुए भी यह संभव दिखता है। हालांकि, पानगढ़िया ने अपनी तरफ से समयसीमा को लेकर कोई सुझाव नहीं दिया है।



भारत की आर्थिक वृद्धि अत्यंत नाजुक दौर में : एमपीसी सदस्य

नई दिल्ली, प्रेट्र : आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा का मानना है कि भारत की आर्थिक वृद्धि 'अत्यंत नाजुक' दौर में है और इसे अभी पूरा समर्थन देने की जरूरत है। वर्मा ने कहा कि निजी खपत और पूंजी निवेश ने अब तक रफ्तार नहीं पकड़ी है, ऐसे में अर्थव्यवस्था की आर्थिक वृद्धि कमजोर बनी हुई है। हालांकि उन्होंने भरोसा जताया कि दुनिया के अन्य देशों की तरह भारत के सामने मंदी का जोखिम नहीं है।

आइआइएम अहमदाबाद के प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में चार इंजन काम करते हैं। इनमें से दो इंजन निर्यात और सरकार के खर्च ने महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मदद की, लेकिन अब अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दो अन्य इंजनों को निभानी होगी। उन्होंने कहा, 'मैं अर्थव्यवस्था की वृद्धि के चार इंजन के बारे में सोचता हूं। ये हैं, निर्यात, सरकारी खर्च, पूंजी निवेश और निजी उपभोग।' वर्मा ने कहा, 'वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती की वजह से निर्यात वृद्धि का मुख्य कारक नहीं रह सकता। वहीं सरकार का खर्च भी राजकोषीय दिक्कतों की वजह से सीमित है।'

चालू वित्त वर्ष में 6.8% रहेगी विकास दर : आइएमएफ

वाशिंगटन, प्रेट्र : अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए 6.8 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष के लिए 6.1 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान लगाया है। आइएमएफ ने कहा कि भारत बहुत कठिन बाहरी परिस्थितियों से घिरा हुआ है। वार्षिक परामर्श रिपोर्ट में आइएमएफ ने कहा है कि भारत को भविष्य में ब्याज दरों में सावधानी से वृद्धि करनी चाहिए और विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप सीमित हो।

अगले वर्ष आर्थिक दृष्टिकोण जटिल रहेगा : वित्त मंत्रालय


नई दिल्ली, प्रेट्र : वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर हो रहे आर्थिक घटनाक्रमों के चलते अगले वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए दृष्टिकोण और जटिल होने की उम्मीद है। ऐसी स्थिति में बाहरी मोर्चे पर सतर्कता बनाए रखने की आवश्यकता है।

मंत्रालय की ओर से नवंबर के लिए जारी मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार बाहरी क्षेत्र लगातार वैश्विक मंदी से पैदा हुईं प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रहा है। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की शेष अवधि में सेवा क्षेत्र निर्यात के मजबूत प्रदर्शन और बेहतर रेमिटेंस के कारण चालू खाते का घाटा सीमित रह सकता है। विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत को 100 अरब डालर का रेमिटेंस मिलने की उम्मीद जताई है। मंत्रालय के अनुसार, बीते वर्षों में की गई मेहनत के चलते एक मध्यम-आय वाली अर्थव्यवस्था बनाई जा सकती है।

कोरोना का कहर, सेंसेक्स 981 अंक लुढ़का

मुंबई, प्रेट्र : चीन समेत कई देशों में कोरोना के मामले बढ़ने और वैश्विक अनिश्चतता के चलते घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 981 अंक की गिरावट के साथ 60 हजार के स्तर से नीचे गिरते हुए 59,845.29 अंक बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 18 हजार के स्तर से नीचे पहुंचते हुए 320.55 अंक लुढ़क 17,806.80 पर बंद हुआ।

बीएसई के डाटा के अनुसार, बीते चार दिनों में सेंसेक्स 1,961 अंक लुढ़क चुका है और यह करीब दो महीने बाद फिर से 60 हजार के स्तर से नीचे आ गया है। इस गिरावट से बीएसई के निवेशकों की संपत्ति में बीते चार दिनों में 15.78 लाख करोड़ रुपये की कमी आई है। अब बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,72,12,860.03 करोड़ रुपये रह गया है। शुक्रवार को सेंसेक्स में टाइटन को छोड़कर सभी शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसमें टाटा स्टील के शेयरों में 4.97 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके अलावा टाटा मोटर्स, एसबीआइ, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, विप्रो, इंड्सइंड बैंक, मारुति सुजुकी और एलएंडटी के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही।



गिरावट के प्रमुख कारण

- चीन में कोरोना के मामले बढ़ने से वैश्विक स्तर पर महामारी की चिंता
- अमेरिकी केंद्रीय बैंक की ओर से ब्याज दरों में एक और वृद्धि की आशंका
- एशिया समेत दुनियाभर के शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव
- एफआइआइ की ओर से कम खरीदारी

> कमजोर वैश्विक संकेतों और बिकवाली पर जोर के चलते सेंसेक्स और निफ्टी मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे पहुंचे हैं। - **अमोल अठावले,** डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट, कोटक सिक्युरिटीज



अनैतिक तरीकों से बीमा उत्पाद बेचने से बचें बैंक

नई दिल्ली, प्रेट्र : वित्त मंत्रालय ने बैंकों प्रमुखों से ग्राहकों को अनैतिक तरीके से बीमा उत्पाद बेचने पर रोक लगाने को कहा है। मंत्रालय ने इस संबंध में एक मजबूत तंत्र स्थापित करने का निर्देश दिया है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरमैन और प्रबंध निदेशकों को लिखे पत्र में कहा गया है कि वित्तीय सेवा विभाग को शिकायतें मिली हैं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों को पालिसी बेचने के लिए अनैतिक तरीके अपना रहे हैं। ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जहां दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में रहने वाले 75 वर्ष से अधिक आयु के उपभोक्ताओं को जीवन बीमा पालिसी बेची गई है। इस संबंध में विभाग ने पहले ही एक परिपत्र जारी किया है, जिसमें सलाह दी गई है कि किसी बैंक को किसी विशेष कंपनी से बीमा लेने के लिए ग्राहकों को मजबूर नहीं करना चाहिए। केंद्रीय सतर्कता आयोग ने भी कहा है कि बीमा उत्पादों की बिक्री से बैंकों का मूल कारोबार भी प्रभावित होता है।

राष्ट्रीय जागरण

जनमत मुद्दा

क्या देश में धर्म एवं समुदाय के आधार पर भेदभाव किए बिना एक जैसा विधान होना आवश्यक है?

mudda@jagran.com पर आप अपनी राय हमें भेज सकते हैं।

अनुसंधान

प्रतिदिन छह हजार कदम चलने से कम होता है दिल की बीमारियों का खतरा

शारीरिक सक्रियता हमारे स्वास्थ्य के लिए सदा लाभदायक है। समय-समय पर होने वाले अध्ययनों में यह बात प्रमाणित हुई है। इसी क्रम में एक ताजा शोध में दावा किया गया है कि प्रतिदिन छह हजार से नौ हजार कदम चलने पर हृदय से जुड़ी बीमारियों का खतरा 40 से 50 प्रतिशत तक कम हो सकता है। मेसाचुसेट्स एमहर्स्ट यूनिवर्सिटी के शारीरिक गतिविधि महामारी विज्ञानियों के नेतृत्व में हुए स्टेप फार हेल्थ कोलाबोरेटिव के एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में उक्त निष्कर्ष निकाला गया। पब्लिक हेल्थ एंड हेल्थ साइंस की असिस्टेंट प्रोफेसर अमांडा पालुच के नेतृत्व में हुए अध्ययन का निष्कर्ष इस सप्ताह जर्नल सर्कुलेशन में प्रकाशित हुआ है। निष्कर्ष में बताया गया है कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग यदि प्रतिदिन छह हजार से नौ हजार कदम चलें तो उन्हें दो हजार कदम चलने वालों की अपेक्षा हृदय बीमारियों का खतरा चालीस से पचास प्रतिशत तक कम हो जाता है। प्रो. पालुच ने बताया कि चार महाद्वीपों में हुए 15 अध्ययनों में करीब 50 हजार लोगों का छह साल तक फालोअप लिया गया। उन्होंने बताया कि छह से आठ हजार कदम प्रतिदिन चलने से सभी बीमारियों से मौत का खतरा कम होता है। आठ अध्ययनों में 42 देशों के 20 हजार लोगों के मेटा विश्लेषण में पाया गया कि इस अध्ययन का संबंध युवाओं से नहीं है। क्योंकि हृदय संबंधी बीमारियां का संबंध उम्र बढ़ने के साथ ज्यादा होता है। अध्ययन में यह नहीं देखा गया कि कितने तेज कदम से चलना चाहिए। इस पर आगे अध्ययन किया जाएगा। (एएनआइ)

संसद का शीतकालीन सत्र समय से पहले समाप्त, 29 तक चलना था

लोस अध्यक्ष बिरला बोले, सभी दलों की सहमति से खत्म किया

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को तय समय से करीब हफ्ते भर पहले समाप्त हो गया। यह सत्र 29 दिसंबर तक चलना था। यह लगातार आठवां ऐसा सत्र है जो समय से पहले खत्म हुआ है। हालांकि सत्र के अंतिम दिन तक भी कांग्रेस सहित दूसरे विपक्षी दलों ने चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद के मुद्दे पर चर्चा की अपनी मांग नहीं छोड़ी। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने साफ किया कि सत्र को तय समय से पहले समाप्त करने का फैसला सभी दलों की सहमति के बाद ही लिया गया है। सदन में व्यवधान खड़ा करने वालों को भी उन्होंने इस दौरान आड़े हाथ लिया और कहा कि मुद्दों पर सहमति और असहमति बहस में प्रतिबिंबित होनी चाहिए, व्यवधान में नहीं।

संसद का यह सत्र भले ही छोटा था। जिसमें दोनों सदनों में सिर्फ 13-13 बैठकें ही हुई। बावजूद इसके कामकाज के लिहाज से यह काफी उपयोगी रहा। लोकसभा की उत्पादकता इस दौरान 97 प्रतिशत रही जबकि राज्यसभा में उत्पादकता 102 प्रतिशत रही। यह स्थिति तब थी, जब विपक्षी दलों के हंगामे का सबसे बड़ा केंद्र राज्यसभा ही था। बावजूद इसके कामकाज में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती गई। विपक्षी दलों के सदन के बहिर्गमन के बाद भी सदन के कामकाज को रुकने नहीं दिया गया। जो उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की बड़ी उपलब्धि रही है।



संसद के शीतकालीन सत्र के समापन पर शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कक्ष में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी भी सम्मिलित हुईं ● एएनआइ

रक्षा उद्योगों में इस साल 32.1 लाख डालर का एफडीआइ मिला

नई दिल्ली, प्रेट्र : भारत को मौजूदा वित्त वर्ष में रक्षा उद्योगों में 32.1 लाख डालर (करीब 26.58 करोड़ रुपये) का एफडीआइ मिला है। इस साल अप्रैल से सितंबर माह के बीच भारत ने यह उपलब्धि हासिल की है। सरकार ने राज्यसभा के शीत सत्र के अंतिम शुक्रवार को दिन यह जानकारी दी है। वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक प्रश्न का लिखित उत्तर देते हुए बताया कि रक्षा उद्योग क्षेत्र ने वर्ष 2031-22 में 23.6 लाख डालर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) आया है।

हैकथान के जरिये दक्षता बढ़ाने के नए विचार खोजेगा कोर्ट

नई दिल्ली, प्रेट्र : मामलों को दायर करने से लेकर उन्हें सूचीबद्ध करने तक की वर्तमान प्रक्रिया में दक्षता लाने के लिए नए विचारों को बढ़ावा देने और व्यावहारिक समाधान तलाशने के लिए सुप्रीम कोर्ट एक हैकथान का आयोजन कर रहा है। व्यवस्था में सुधार के लिए शीर्ष अदालत ने संबंधित लोगों से सुझाव और नए विचार आमंत्रित किए हैं।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक नोटिफिकेशन के मुताबिक, यह आयोजन शीर्ष अदालत के न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल की निगरानी और मार्गदर्शन में किया जाएगा।

उत्तर सिक्किम में सेना का ट्रक गिरा खाई में, बलिदान हुए 16 जवान, चार घायल

जासं, गंगटोक : उत्तर सिक्किम में शुक्रवार को सुबह हुए सड़क हादसे में सेना के 16 जवान बलिदान हो गए है। इस संबंध में सैन्य अधिकारियों द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि उक्त घटना उत्तरी सिक्किम के जेमा में शुक्रवार को तब हुई जब तीन सैन्य वाहन चटन से 7.30 बजे थंगू के लिए रवाना हुए। पीआरओ डिफेंस लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत के मुताबिक, जेमा के रास्ते में वाहन एक खतरनाक मोड़ पर खड़ी ढलान पर फिसल कर गहरी खाई में गिर गया। इस घटना में 16 जवान बलिदान हो गए और चार जवान घायल हुए। सूचना पाते ही सेना की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और हेलीकाप्टर की मदद से मृत जवानों व घायलों को बाहर निकाला गया। इस घटना में तीन जूनियर कमीशंड अधिकारी और 13 सैनिकों की मौके पर मौत हो गई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,सिक्किम के राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने गहरा दुख व्यक्त किया

घटना की सूचना पाते ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सिक्किम में हुई सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के वीर जवानों के बलिदान होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने बलिदान सैन्य जवानों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हादसे पर दुख जताया। पीएम ने कहा कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना, घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल गंगा प्रसाद, सिक्किम के मुख्यमंत्री पीएस गोले व पूर्व मुख्यमंत्री चामलिंग ने भी घटना पर दुख जताया है।

कड़ाके की ठंड के साथ होगी नए वर्ष की शुरुआत

संजीव गुप्ता ● नई दिल्ली

सुबह-शाम की ठंड और कोहरे के बाद कड़ाके की सर्दी आने को है। नए साल की शुरुआत हड्डियां तक कंपा देने वाली ठंड के साथ होगी। दो पश्चिमी विक्षोभों के असर से पहाड़ों पर होने वाली बर्फबारी का असर पूरे उत्तर भारत पर साफ दिखाई देगा। दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व उत्तर प्रदेश में भी तापमान तेजी से गिरेगा। हरियाणा-पंजाब और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीत लहर चल रही है। जनवरी के पहले सप्ताह में उत्तर भारत के कमोबेश सभी राज्यों में शीत लहर चलने की संभावना है। इस समय समूचा उत्तर भारत कोहरे से जूझ रहा है। ठंड और घने कोहरे के बीच रेल संचालन और विमान सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। आने वाले एक सप्ताह में सर्दी और जोर पकड़ने वाली है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार 26-27 और 30-31 दिसंबर को दो अलग-अलग पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं।

शीत लहर की चपेट में अमेरिका, 3400 से अधिक उड़ानें रद

वाशिंगटन, एपी : अमेरिका भीषण शीत लहर की चपेट में है। देश के कई हिस्सों में हिमपात के साथ बर्फीली हवाएं चल रही हैं। 20 करोड़ लोग यानि देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी हाड़ कंपा देने वाली ठंड, बिजली कटौती का सामना कर रही है। बर्फीले तूफान का खतरा भी मंडरा रहा है। तूफान की रफ्तार 65 मील प्रति घंटे (105 किलोमीटर प्रति घंटे) तक रहने की भविष्यवाणी की गई है। लोगों ने क्रिसमस की छुट्टियों में स्वजन से मिलने के लिए यात्रा की योजना को रद कर दिया है। एयरलाइन कंपनियों ने 3400 से अधिक उड़ानें रद कर दी हैं।

कन्हैया हत्याकांड में पेश चार्जशीट में दो पाकिस्तानी भी शामिल

जासं, उदयपुर : देश में चर्चित रहे कन्हैयालाल हत्याकांड में पाकिस्तानी कनेक्शन सही साबित हुआ है। एनआइए की ओर से पेश की गई चार्जशीट में पाकिस्तान के कराची के रहने वाला सलमान और अबू इब्राहिम को भी आरोपित बनाया गया है। इस तरह मुख्य आरोपित रियाज मोहम्मद और गौस मोहम्मद सहित 11 आरोपित सामने आए हैं।

